संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
07 जनवरी 2025, मंगलवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 100
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की संताली खबर पेज 7 पर पढ़े

महिलाओं के मान-सम्मान, हक अधिकार और स्वावलंबी के लिये उठाये जा रहे हैं कदम : हेमंत

56 लाख 63 हजार लाभुकों के खाते में 1415 करोड़ रुपये हस्तांतरित

मंईयां अपनी पूरी छमता के साथ राज्य के विकास में भागीदारी निभाएं : मुख्यमंत्री

महिलाओं को आगे ले जाने में मंईयां सम्माना योजना मिल का पत्थर साबित होगी

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं से कहा कि हमने आपसे वादा किया था कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि को दिसंबर माह से 25 सौ रुपये करेंगे, इसे पूरा कर रहे हैं। आज आप सभी के बैंक खाते में बढ़ी हुई राशि की पहली किस्त के रूप में 25 सौ रुपये का हस्तांतरण हो चुका है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब आप सभी अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ इस राज्य के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

सोरेन रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है, उसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। हमारी इस महत्वाकांक्षी योजना को कई अन्य राज्य रोल मॉडल के रूप में देखते हुए उसे अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मैं पूरे यकीन के साथ कर सकता हूं कि महिलाओं को आगे ले जाने में यह योजना निर्णायक साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नई ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान, स्वाभिमान और हक-अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपने आगे बढ़ने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के मकसद से हमने इस योजना को लागू किया है। हमारे इस कदम से आप अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक महिला-पुरुष कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे, यह राज्य और देश आगे नहीं बढ़ेगा लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस देश में कई नीतियां, कार्यक्रम और योजनाएं बनीं, फिर भी आधी आबादी आज भी विकास से कोसों दूर है। महिलाओं को वह ताकत नहीं मिला, जिसके माध्यम से वे खुद और अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश के विकास का हिस्सा बन सकें। इसी बात को ध्यान में रखकर हमने महिलाओं को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस दिशा में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से कदम बढ़ाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से हमारी सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था आपको दी है, जिसमें आपके सपनों को पूरा करने की पूरी क्षमता होगी। आप इस पैसे से ना सिर्फ अपनी जरूर को पूरा कर सकेंगे, बल्कि उसके माध्यम से अपने बच्चों के बेहतर पठन-पाठन के साथ अपनी आमदनी को बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। यह सिर्फ एक योजना मात्र नहीं है, बल्कि आपको आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

झारखंड में 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने पर जल्द फैसला लेगा गठबंधन : मंत्री

रांची । झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) राज्य के उपभोक्ताओं को 450 रुपए की दर पर सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने पर जल्द फैसला करेगा। वर्तमान में झारखंड के प्रमुख शहरों में एलपीजी सिलेंडर 860 रुपए में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कांग्रेस ने हाल ही में झारखंड विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के फिर सत्ता में लौटने पर रियायती दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था। कांग्रेस पार्टी राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा है। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि 450 रुपए में एलजीपी सिलेंडर उपलब्ध कराने पर 'इंडिया' गठबंधन को फैसला करना है। यह वादा एक राजनीतिक दल-कांग्रेस ने किया था, जिसका मैं भी सदस्य हूं, लेकिन अंतिम फैसला सिर्फ गठबंधन ही कर सकता है।

बीजापुर में नक्सली हमले में 9 जवान शहीद

सड़क पर 10 फीट का गड्ढा, 25 फीट ऊंचे पेड़ पर मिला गाड़ी का मलबा

एजेंसी

बीजापुर/ जगदलपुर । अबूझमाड़ के दक्षिणी हिस्से में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ के बाद लौट रहे जवानों के पिकअप वाहन को सोमवार दोपहर को नक्सलियों ने विस्फोट से उड़ा दिया है। इसमें दंतेवाड़ा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 9 जवान (ड्राइवर सहित) शहीद हो गए और 5 से ज्यादा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह वारदात बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर अमेली के पास हुई है। रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान लौट रहे थे।

बीजापुर मुख्यालय से कुटरू गांव करीब 40 किलोमीटर दूर है। यहीं से कुछ दूर अंबेली गांव के पास यह ब्लास्ट हुआ है। मौके पर 10 से 12 फीट का गड्ढा दिखाई दे रहा है। वहीं, स्कॉर्पियों गाड़ी के भी परखच्चे उड़ गए। 30 फीट दूर पेड़ पर भी स्कॉर्पियो गाड़ी का एक टुकड़ा लटका दिखा। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर से संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन कर वापस लौट रही थी। सोमवार को करीब सवा 2 बजे बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए।

चार दिन तक जंगल में चले थे

पूरे देश में रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध : मोदी

पीएम ने किया रेल परियोजनाओं का उद्घाटन

वह समय दूर नहीं जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, तेलंगाना और पूरे देश में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला खंड सहित अन्य रेल खंडों के तहत नए जम्मू रेलवे मंडल का वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। कुल 742.1 किलोमीटर लंबे इस खंड के निर्माण से जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को भारत के अन्य हिस्सों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह परियोजना रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देगी।

413 करोड़ रुपये की लागत से विकसित चेरलापल्ली टर्मिनल पर्यावरण के अनुकूल होगा और यात्री सुविधाओं से लैस होगा। यह सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा के मौजूदा टर्मिनलों पर यात्री भीड़ को कम करेगा।

रायगढ़ रेलवे मंडल भवन से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना समेत देशभर में रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय जनता की आकांक्षाओं को भी पूरा करेंगी।

पांडेय गिरोह के दो अपराधियों की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

पलामू । पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गर्दा गांव में रविवार देर रात अंधाधुंध फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में झारखंड के कुख्यात पांडेय गिरोह के दो अपराधियों पतरातू निवासी दीपक साहू और भारत पांडे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में घर के भीतर साथ में सोए दो अन्य लोगों अंशु सिंह और महावीर सिंह को भी गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। अंशु गर्दा गांव का ही निवासी है जबकि महावीर हरिहरगंज के पोला गांव का रहने वाला है। महावीर का गर्दा गांव में मामा का घर है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सोमवार सुबह 8 बजे जांच के लिए मौके पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद पहुंचे। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए इसे आपराधिक गिरोह की आपसी रंजिश बताया है। दीपक और भरत पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल थे। दोनों के खिलाफ रामगढ़, हजारीबाग, रांची के इलाके में कई गंभीर अपराध के एफआईआर दर्ज हैं। दीपक कभी भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया था। भरत पांडेय 22 दिसंबर को जेल से बाहर निकला था। दीपक के बच्चे का जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए सभी जमा हुए थे।

पूर्व पीएम एच.डी. देवेगौड़ा ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जनता दल (सेक्युलर) के वरीय नेता, राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री श्री हरदानहल्ली डोड्डेगौड़ा देवेगौड़ा (एच.डी. देवेगौड़ा) अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को देवघर पहुंचे। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और महाभिषेक के साथ उन्होंने देश और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार झा भी मौजूद थे।

जारी रहेगा अनशन, बिना शर्त बेल पर छूटे प्रशांत किशोर

एजेंसी

पटना । जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को बिना शर्त जमानत मिल गई। सोमवार का दिन पीके के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। पहले सुबह तड़के ही गांधी मैदान से पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया। फिर सिविल कोर्ट में पेशी हुई, जहां कोर्ट ने पीके को सशर्त जमानत तो दी। लेकिन प्रशांत किशोर ने बेल स्वीकार नहीं की। जिसके बाद उनको बेऊर जेल ले जाया गया। लेकिन इसी बीच कोर्ट से नया ऑर्डर बिना शर्त जमानत आ गया। जिसके बाद पीके निजी मुचलका भरने के बाद बिना शर्त जमानत पर रिहा हो गए। जिसके

बाद उन्होने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की रणनीति से पर्दा उठाया।

प्रशांत किशोर ने साफ कर दिया है कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। पीके ने कहा कि मेरा अनशन जारी था, जारी है, और आगे भी जारी रहेगा।

चीन से आई कोरोना जैसी एक और महामारी

भारत में एक ही दिन में मिले तीन केस, तीनों बच्चे, अलर्ट जारी

एजेंसी

बेंगलुरु । भारत में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के केस लतार बढ़ते जा रहे हैं। कर्नाटक में 2 केस सामने आने के बाद अब गुजरात के अहमदाबाद में एक बच्चे में संक्रमण मिला है। इससे पहले 8 महीने का बच्चा बेंगलुरु में संक्रमित मिला था। यह भारत का पहला केस था। दूसरा केस भी कर्नाटक का रहा, जहां 3 महीने की बच्ची संक्रमित पाई गई। दुनिया कोविड-19 के खतरे से दहल चुकी है। अब उसके ऊपर ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस का खतरा मंडरा रहा है। यह वायरस चीन में आतंक मचा रहा है, जिससे वहां अघोषित इमरजेंसी जैसा माहौल बन चुका है। बेंगलुरू के

अस्पताल में आठ महीने की बच्ची ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस से संक्रमित मिली है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि यह टेस्ट हमारी लैब में नहीं हुआ है। हमने बच्ची की जांच एक निजी अस्पताल में कराई, जहां से यह रिपोर्ट मिली है। आपको बता दें कि वायरस का खतरा सबसे ज्यादा बच्चों को है। इस वायरस के स्ट्रेन का पता नहीं चला है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

दिसंबर में वेज थाली की कीमत 6 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत दिसंबर में (सालाना आधार पर) 6 प्रतिशत बढ़कर 31.60 रुपए हो गई। पिछले साल दिसंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 29.70 रुपए थी। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत पिछले महीने नवंबर की तुलना में दिसंबर में 3 प्रतिशत घटी है। नवंबर में वेज थाली की कीमत 32.70 रुपए थी। नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 12 प्रतिशत महंगी वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत दिसंबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 63.30 रुपए हो गई।

मंईयां योजना से मंईयों में दिखा जबरदस्त उत्साह

कार्यक्रम में आयी महिलाओं ने रखी अपनी बात

मंईयां योजना की राशि से संतुष्ट हूं : राखी

मंईयां योजना कार्यक्रम में चाईबासा से आयी महिला राखी ने बताया की वे मंईया योजना से खुश हैं, वे इस योजना की राशि का उपयोग आपनी जरुरतों की चीजों व बच्चों के उपर खर्च करती हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा हम इस राशि से संतुष्ठ हैं।

मंईयां योजना से खुश हूं : लक्ष्मी

मंईयां योजना कार्यक्रम में रामगढ़ से आयी महिला लक्ष्मी ने बताया की वे मंईया योजना से खुश हैं, उन्होंने बताया की उनको 2 किस्त ही प्राप्त हुई है। पर वे इस योजना की राशि से खुश है। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा हम इस राशि से संतुष्ठ हैं।

सरकार धीरे-धीरे राशि में बढ़ोतरी करे : रुखसार

मंईयां योजना कार्यक्रम में आयी महिला रुखसार ने बताया की वे मंईया योजना से खुश हैं, पर उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा 2500 में क्या होता है, ये राशि तो घर में ही खर्च हो जाती है। सरकार को धीरे-धीरे मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी करनी चाहिए।

पहली किश्त मिलने पर जतायी खुशी : सिखा

मंईयां योजना कार्यक्रम में इटकी से आयी युवती सिखा परवीन ने बताया की वे मंईया योजना से खुश हैं, उन्हे इस बार पहली किश्त मिली है। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा हम इस राशि से संतुष्ठ हैं।

मंईयां योजना की राशि नहीं मिली : सबा

मंईयां योजना कार्यक्रम में रांची हिंदपीढ़ी आयी महिला सबा परवीन ने बताया की उनका मंईयां योजना का पैसा ऑनलाइन कराने के बाद भी अबतक नहीं मिला है। उन्हों योजना की एक भी किस्त अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने सीओं कार्यालय का चक्कर भी काट चुकी है। उन्होंने बताया इन सब चक्कर में उनका खुद का 800 से 1000 रुपये खर्च हो गया है।

जरुरतों को पूरा करने में मिलती है सहायता : वर्षा

मंईयां योजना कार्यक्रम में रांची से आयी महिला वर्षा टोप्पो व सुमन टोप्पो ने बताया की उनको मंईयां योजना का लाभ मिल रहा है। वे मंईयां योजना खुश हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा संतुष्ठ हैं वे इन रुपये का इस्तेमाल घर की जरुरतों की पूरा करने में करती है।

2500 रु मिलने से संतुष्ठ हैं : पिंकी

मंईयां योजना कार्यक्रम में आयी रांची कांटाटोली की रहने वाली पिंकी देवी को मंईयां योजना का लाभ मिल रहा है। वे मंईयां योजना खुश हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा संतुष्ठ हैं, ज्यादा लालच नहीं करना चाहिए। वे 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है।

बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करती हूं राशि : गुलशन

मंईयां योजना कार्यक्रम में झरिया से आयी महिला गुलशन परवीन मंईयां को योजना का लाभ मिल रहा है। वे मंईयां योजना से खुश हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा संतुष्ठ हैं। उन्होंने बताया वे मिलने वाली राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करती है।

राशि बढ़नी चाहिए, मंहगाई ज्यादा है: गीता

मंईयां योजना कार्यक्रम में बुंडू से गीता देवी ने बताया मंईयां योजना से खुश हैं। वे इस राशि का उपयोग घर की जरुरतों को पूरा करने में करती हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा संतुष्ठ हैं पर राशि बढ़ानी चाहिए इतनी मंहगाई में 2500 रु में क्या होगा।

नहीं मिल रहा है योजना का लाभ : नंदनी

मंईयां योजना कार्यक्रम में रामगढ़ से आयी महिला नंदनी ने बताया की उन्हे मंईयां योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने ऑनलाइन भी फॉर्म भरा है और वे प्रखंड कार्यालय में भी जा चुकी है। वे कार्यक्रम स्थल पर ऑनलाइन भरा गया फार्म लेकर पहुंची थी।

छोटी-छोटी जरुरतों को पूरा करती हूं : सरिता

मंईयां योजना कार्यक्रम में इटखोरी से आई सरीता कुमारी ने कहा वे मंईयां योजना से खुश है उन्हें सभी किश्त मिली है। वे इस राशि से अपनी छोटी-छोटी जरुरतों को पूरा करती हैं, और कुछ पैसा भविष्य के लिये बचत करती है। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा हम संतुष्ठ हैं।

नहीं मिल रहा है लाभ : सविता देवी

मंईयां योजना कार्यक्रम में दुमका के रामगढ़ से आई सविता देवी ने कहा राशन कार्ड में नाम नहीं होने के कारण उन्हें मंईयां योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया घर के किसी भी सदस्य को मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

मंईयां योजना से संतुष्ठ हूं : सुनीता

मंईयां योजना कार्यक्रम में गुमला के बसिया से आयी सुनीता महिला ने मंईयां योजना से खुश हैं। जब उनसे पूछा गया क्या आप 2500 रु मिलने से संतुष्ठ है या नहीं तो उन्होंने कहा वे संतुष्ठ हैं।

सब्जियों का बंपर उत्पादन करने वाले झारखण्ड के किसानों के चेहरों पर मायूसी

गिरिडीह । सब्जियों का बंपर उत्पादन करने वाले झारखंड के किसानों के चेहरों पर मायूसी पसरी है। बाजार में पिछले एक हफ्ते के दौरान सब्जियों के भाव में जबरदस्त गिरावट आई है। जिसके चलते किसानों को उनके फसल की लागत भी निकाल पाना मुश्किल हो गया है।राँची के बाजारों में फूलगोभी, पत्ता गोभी, पालक, टमाटर जैसी सब्जियां पांच से लेकर दस रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रही हैं। गांवों के बाजारों में कीमतें इससे भी कम हैं। बिचौलिये किसानों को उनकी लागत जितनी भी कीमत देने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में कई इलाकों के किसान खेतों में लगी सब्जी की फसल खुद रौंद रहे हैं। रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना गांव के किसान राधेश्याम महतो ने अपनी एक एकड़ जमीन में लगी पत्ता गोभी की फसल ट्रैक्टर चलाकर रौंद दिया। इसके पहले गोला प्रखंड में भी एक किसान ने फूलगोभी की उचित कीमत न मिलने से नाराज होकर अपनी फसल पर ट्रैक्टर चला दिया था। राँची जिले के ओरमांझी इलाके में भी कई किसान खेत से सब्जी की फसल उखाड़कर फेंक रहे हैं। ओरमांझी के उकरीद गांव के किसान कामेश्वर महतो बताते हैं कि उन्होंने पांच से छह एकड़ जमीन पर फूलगोभी पत्तागोभी की खेती की थी। अब तैयार फसल दो से तीन रुपए प्रति किलो की दर से भी नहीं बिक रही। बाजार तक फसल ले जाने पर होने वाला खर्च भी नहीं निकल रहा। बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत जम्हार गांव के किसान रमेश वर्मा, रामचंद्र महतो, लखनलाल महतो निरंजन महतो ने बताया कि उन्होंने बड़ी मेहनत से फूलगोभी तथा पत्तागोभी की खेती की थी। पहले बेमौसम बरसात ने फसल को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद फिर भी हिम्मत जुटाकर दोबारा फसल लगाई तो अब बाजार में भाव गिर जाने की वजह से लागत भी नहीं निकल पा रही है। राँची जिले के इटकी, बेड़ो, ठाकुरगांव, ब्रांबे, पिठौरिया, रातू मांडर, बोकारो जिले के पेटरवार, कसमार, खैराचातर, रामगढ़ जिले के गोला, चितरपुर, सोसो, पोना, कोडरमा जिले के डोमचांच, फुलवरिया, पुरनाडीह, धरगांव, चतरा जिले के इटखोरी, सिमरिया, पत्थलगड्डा, गिद्धौर, लातेहार जिले के बालूमाथ बारियातू, हजारीबाग जिले के बड़कागांव, केरेडारी, चुरचू, कटकमसांडी, गिरिडीह जिले के डुमरी, बगोदर, गांवा, बेंगाबाद, पीरटांड़ सहित कई अन्य इलाकों में हरी सब्जियों का जबर्दस्त उत्पादन हुआ है।

कमाई के मामले में धनबाद रेल मंडल फिर टॉप पर

धनबाद । राजस्व के मामले में धनबाद रेल मंडल पूरे देश में फिर टॉप पर है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर माह में धनबाद डिविजन माल ढुलाई में बिलासपुर डिविजन से महज 0.02 प्रतिशत पीछे रहकर दूसरे पायदान पर रहा। धनबाद डिवीजन ने 16.97 एमटी माल ढुलाई की, जबकि बिलासपुर का आंकड़ा 16.99 एमटी है। सोमवार को धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोशिश है कि फिर से माल ढुलाई में धनबाद को पहले नंबर पर बरकरार रखा जाए। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक धनबाद डिविजन ने सर्वाधिक 142.92 एमटी माल ढुलाई की। दिसंबर माह में धनबाद को सर्वाधिक 2324.84 करोड़ रुपये की आय हुई। वहीं अप्रैल से दिसंबर तक कुल 19957.31 करोड़ रुपए की आमदनी धनबाद रेल डिविजन को हुई।

पुलिस एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न, अध्यक्ष बने सहदेव यादव और सचिव जितेंद्र सिंह

गिरिडीह । पुलिस एसोसिशन के गिरिडीह इकाई के तीन वर्षीय कार्यकाल का चुनाव रविवार को न्यू पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न होने के बाद देर रात मतगणना उपरांत जो परिणाम आये उसके अनुसार अध्यक्ष पद के लिये सहदेव यादव, उपाध्यक्ष पद के लिये सतेंद्र पासवान वहीं सचिव पद के लिये जितेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव पद के लिये सुरेंद्र कुमार दिक्षित तथा कोषाध्यक्ष पद के लिये सन्नी मिंज निर्वाचित हुए।बता दें कि गिरिडीह पुलिस एसोसिशन का चुनाव महासंघ के निर्देश पर बतौर पर्यवेक्षक प्रांतीय मंत्री रविंद्र कुमार, धनबाद अध्यक्ष संजीव कुमार, सचिव विनोद उंराव, और ट्रेजरर मुस्लिम खान के देख रेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में सार्जेंट मेजर के साथ इंस्पेक्टर, एसआई और एएसआई स्तर के अधिकारी सहित जिले भर के सभी थानो में पदस्थापित 379 पुलिस अधिकारी शामिल होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।गौरतलब है कि संगठन के पांच पदों के लिये तीन वर्षीय कार्यकाल को लेकर चुनाव में इस बार भी दो गुट के प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगा रखी थी। चुनाव में एक गुट से अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी सोनू कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सतेंद्र पासवान, सचिव जितेंद्र सिंह, ज्वाइंट सचिव अरविंद कुमार पाठक और कोषाध्यक्ष पद के लिए सन्नी मिंज चुनावी मैदान में खड़े थे।

गुरु गोविंद सिंह का 359वां प्रकाश पर्व सम्पन्न

गिरिडीह । खालसा पंथ के संस्थापक व सिक्खों के 10वें गुरू गुरू गोबिंद सिंह जी का 359 वां प्रकाश पर्व सोमवार को स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा में बड़े ही धूमधाम से उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। गुरूद्वारे को आकर्षक रंग बिरंगे फूलों व रोशनी से सजाया गया था। देहरादून के रागी जत्था भाई हरप्रीत सिंह व उनकी टीम के द्वारा वह प्रगटिओ मरद अगंमड़ा वरीआम इकेला।। वाह वाह गोबिंद सिंघ आपे गुरू चेला ।। देह शिवा बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कभुं टरूं, डरौं अरि सौं जब जाय लड़ौं, निश्चय कर अपनी जीत करौं ... जैसे कई शबद कीर्तन प्रस्तुत किये गये। जिसे सुनकर सात संगत निहाल हो गई। कीर्तन के माध्यम से संगतों को भाई हरप्रीत सिंह ने बताया कि मानव को अपने जीवन में सुख शांति पाने के लिए जात पात का त्याग करना चाहिए व सबों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करना चाहिए।गुरूद्वारा के प्रधान मुख्य सेवक डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया व सचिव सम्मी सलूजा ने बताया कि गुरूगोबिंद सिंह जी की जयंती को लेकर 4 जनवरी को अखंड पाठ रखा गया था। जिसका समापन आज गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर हुआ। कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खो के दसवें धार्मिक गुरु थे। वे एक गुरु ही नहीं बल्कि एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, अनुभवी लेखक और संगीत के पारखी भी थे।

पीवीयूएनएल के लिए स्वर्णिम होगा वर्ष 2025, जनवरी माह में ही होगा कमर्शियल डिक्लेरेशनः सीईओ

रामगढ़ । पतरातू विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड के लिए वर्ष 2025 स्वर्णिम होने वाला है। इस वर्ष पीवीयूएनएल अपने पहले फेज के 2400 मेगावाट यूनिट की परियोजना का पहला यूनिट शुरू कर लेगी। 800 मेगावाट के इस पहली यूनिट से उत्पन्न होने वाली बिजली से पूरा झारखंड रोशन होने वाला है। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि दो फेज में पीवीयूएनएल 4000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य रख चुकी थी। पहले फेज का कार्य लगभग पूरा होने जा रहा है। पहले फेज में 800 मेगावाट के तीन यूनिट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। पहली यूनिट के लिए कमर्शियल डिक्लेरेशन जनवरी महीने में ही करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सारी अड़चनें भी दूर कर ली गई है। सीईओ आर के सिंह ने बताया कि कुल उत्पादन का 85 फ़ीसदी बिजली झारखंड सरकार को देने का एग्रीमेंट बना हुआ है। शेष 15 प्रतिशत बिजली कहां जाएगी इसके लिए केंद्र सरकार निर्णय लेगी। पीवीयूएनएल को संचालित करने के लिए लातेहार जिले में आवंटित बनाडीह कोल माइंस से कोयला आएगा। यह कोल माइंस 250 मेट्रिक टन क्षमता वाला कोल माइंस है। हालांकि इस कॉल माइंस को शुरू होने में अभी डेढ़ वर्ष लगेंगे। उससे पहले सीसीएल और बीसीसीएल से एनटीपीसी को कोयला उपलब्ध होगा।

मंत्री दीपिका पांडे ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

संवाददाता

रांची । कांग्रेस ने जन समस्याओं के समाधान की सीधी पहल शुरू कर दी है। इस क्रम में सोमवार को कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। इस दौरान 20 लोगों ने समस्याओं को रखा।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति के मुताबिक, जनता दरबार के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि यह सरकार आम लोगों के हित की सरकार है। आज के जनता दरबार में मुख्य शिकायत आंचल और प्रखंड ऑफिस का है। आसानी से और समय सीमा में होने वाली शिकायतों को अधिकारियों को अविलंब दूर करना चाहिए। जब कोई बड़ी योजना चलती है तो कुछ शिकायते आती हैं। अबुआ आवास बिल्कुल नयी योजना थी, शायद यही वजह है कि इसके कार्यान्वन में कुछ शिकायतें आती हैं, जिसे दूर किया जा रहा है। अबुआ आवास के मामले में अधिकांश शिकायतकर्ता है ऐसे हैं, जिन्हें पहले किसी अन्य आवास योजना से आवास आवंटित हो गया है लेकिन तीन कमरों का आवास शौचालय एवं किचन के साथ होने के कारण अबुआ आवास लोकप्रिय योजना है। इसलिए लोग चाहते हैं कि उन्हें अबुआ आवास मिले लेकिन पहले से लाभुक व्यक्तियों को यह नहीं मिल पा रहा है।मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सर्वे के अनुसार, अभी झारखंड में 24 लाख आवास की आवश्यकता है लेकिन केंद्र सरकार के सर्वे के अनुसार 16 लाख आवास की आवश्यकता है। हमने मांग की है कि झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यक आवासों का आवंटन केंद्र सरकार करे। झारखंड सरकार द्वारा अभी 6.50 लाख आवास का आवंटन किया गया है, जो बनने तथा आवंटन की प्रक्रिया में है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की योजना को मॉडल बनाकर तीन कमरों का शौचालय किचन सहित आवास बनाए ताकि महिलाओं और अन्य लोगों को बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी झारखंड को सिर्फ 125000 आवास का आवंटन हुआ है जबकि आवश्यकता केंद्र के अनुसार 16 लाख आवास की है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष सारे तथ्यों को रखा गया है। हमने मांग किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली 120000 की राशि को 2 लाख किया जाए। यदि केंद्र सरकार जनता को छत मुहैया कराना चाहती है तो आवास की राशि तथा आवासों के आवंटन की संख्या बढ़ानी चाहिए। मंईयां सम्मान योजना के राशि वितरण पर मंत्री ने कहा कि नए साल के तोहफे के तौर पर महिलाओं को महागठबंधन द्वारा चुनाव पूर्व घोषित 2500 की राशि आज बहनों के खाते में सीधे स्थानांतरित हुई है, जो महिला स्वावलंबन की दिशा में उठा एक बड़ा कदम है। राशि से राज्य की महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी।

इंडी गठबंधन केलिए सत्ता प्राप्ति का प्रपंच था 450 रुपए में सिलिंडर देने का वादा : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता

रांची । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा। सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से पोस्ट करते हुए श्री मरांडी ने लिखा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह जाएं, तो यह न केवल जनादेश का अपमान है बल्कि जनता के भरोसे के साथ छल भी। कहा कि जब इंडी गठबंधन ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर और 3200 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था।

कहा कि अब जब हेमंत सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री गण बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। कहा कि हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है, बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि 5 लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिए एक प्रपंच था। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में इस ठगबंधन सरकार के झूठ परत दर परत और उजागर होंगे।

टेक्निशियन बने साईबर ठगी के शिकार

गुमला । पुलिस प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया से लेकर हरेक प्लेटफार्म पर साईबर ठगी को लेकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। कहा जाता है कि साइबर ठगों के चंगुल में नहीं फंसें। इसके बावजूद साइबर अपराधी अपने विभिन्न तरह के जाल बुन कर लोगों को फ़ंसा रहे है।

इसी क्रम में बसिया रेफरल में कार्यरत लैब टेक्निशियन आदित्य कुमार से श्रीराम फाइनेंस के नाम पर दो किस्तों में 13660 रूपए की ठगी की गई है। दरअसल आदित्य ने कोनबीर स्थित शो रूम से एक स्कूटी खरीदी थीं । स्कूटी का फाइनेंस श्री राम फाइनेंस से ही कराई गई थीं । शनिवार को आदित्य के पास एक फोन आता है । फोन करने वाला बोला कि मैं श्री राम फाइनेंस से बोल रहा हूं और आपने बैंक में इंग्लिश में सिग्नेचर किया है ।

खादी मेला में उमड़ी भीड़, राज्यपाल आज करेंगे मेला का समापन

रांची । झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ,उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के समापन समारोह के परिवर्तित तिथि के कारण रांची की जनता को एक दिन और महोत्सव घूमने का अवसर प्रदान हुआ दिनांक6.1. 2025 के स्थान पर दिनांक 7.1.2025 अपराहन 12ः30 माननीय मंत्री,सांसद, विधायक आदि की उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल के कर कमलों द्वारा समापन किया जाना हैद्य महोत्सव के अंतिम दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था सभी स्टालों में लोगों को खरीदारी करते हुए देखा गया द्य 20000 लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया आज अंतिम दिन लोगों ने महोत्सव में बहुत ही आनंद उठाया.फूड स्टॉल में भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई द्य कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए बनारसी दल द्वारा हिंदी गायन एवं मेरी आवाज मेरी पहचान द्वारा नागपुरी हिंदी गायन की प्रस्तुति की गई समापन को लेकर खादी बोर्ड, उद्योग विभाग एवं ग्रामीण विभाग द्वारा विशेष तौर पर तैयारी की गई है

पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार, देसी रायफल और कारतूस बरामद

खूंटी । प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी रायफल और 11 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये है। गिरफ्तार उग्रवादियों में विकास गोप और निमेश गोप शामिल हैं। दोनों कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से हुई है। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक देसी रायफल के अलावा आठ एमएम का दो जिंदा कारतूस, 7.65 एमएम के नौ जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के नक्सली रोन्हे जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए बैठक करने वाले है। इस सूचना के अलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने रोन्हे जंगल में छापेमारी कर पीएलएफआइ के विकास गोप और निमेश गोप को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर इनके पास से रायफल, गोली आदि बरामद किये गये। गिरफ्तार विकास गोप के खिलाफ पूर्व से कर्रा थाना में आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दोनों मामले में वह जेल जा चुका है। फिलहाल वह जमानत पर छूटा था।

चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय मैच के लिए रवाना

रांची । चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ी पंजाब में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विश्वविद्यालय मैच में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से 8 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे । राइफल शूटिंग इवेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी- सचिन कुमार फ़ैक हसन ऋषभ झा सोनी कुमारी पिस्टल शूटिंग इवेंट में भाग लेने वाली खिलाड़ी स्नेहा कुमारी ये सभी खिलाड़ी चतरा राइफल शूटिंग क्लब से हैं और कोच नितीश कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। रवाना होने से पहले नितीश सर ने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनसे बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने भरोसा जताया कि ये खिलाड़ी जीतकर न सिर्फ जिले बल्कि विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन करेंगे। चतरा जिले में शूटिंग का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, और इसकी सफलता के पीछे चतरा राइफल शूटिंग क्लब का महत्वपूर्ण योगदान है। कोच नितीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को अपने सपने पूरे करने का मंच मिल रहा है।

10 से 15 फरवरी तक आयोजित होगी 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट

रांची । 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन इस बार राजधानी रांची में होना है।झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा।इस पुलिस ड्यूटी मीट में आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के खिलाफ कार्रवाई के तरीकों को साझा किया जाएगा,ताकि इन समस्याओं पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही की जा सके।इस पुलिस ड्यूटी मीट में आंध्र प्रदेश, बिहार, बीएसएफ, छत्तीसगढ़, सीआरपीएफ, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईटीबीपी, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरला, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, रेलवे सुरक्षा बल, एसएसबी, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के दल शामिल होंगे।इसमें लगभग 1500 पुलिस अधिकारी और कर्मियों के भाग लेने की संभावना है, जो देश के सभी राज्यों की पुलिस और अन्य संगठनों से संबंधित हैं।अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट एक वार्षिक आयोजन है, जहां देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल एक साथ आते हैं।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों के बीच अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करना, नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी देना और अपराध से निपटने के लिए बेहतर रणनीतियां विकसित करना है।अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में विभिन्न राज्यों के पुलिस अधिकारी अपने-अपने अनुभवों को साझा करेंगे, जिससे सभी को सीखने का मौका मिलेगा। इस आयोजन में नवीनतम तकनीकों और उपकरणों का प्रदर्शन किया जायेगा, जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी।विभिन्न राज्यों के पुलिस बल के बीच समन्वय बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे अंतरराज्यीय अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

हाईकोर्ट ने पूछा-गर्भवती नवविवाहिता की हत्या मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई

रांची । पलामू के हुसैनाबाद में दहेज के लिए गर्भवती महिला की हत्या मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं किए जाने पर स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है।

अदालत ने सरकार से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है। अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि महिला के पति को पुलिस ने गिरफ्तार करलिया है। उसकी सास एवं देवर के खिलाफ संबंधित कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। मामले में जांच पूरी कर जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी। बता दें कि नौ अक्टूबर 2024 को अखबार में छपी खबर पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। पलामू के हुसैनाबाद के नवी नगर थाना क्षेत्र के दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता ने पलामू एसपी को पत्र लिखा था कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। लेकिन, पुलिस अब तक कार्रवाई नहीं कर रही है।पत्र में कहा गया था कि सूर्यदेव साव के पुत्र सौरभ कुमार गुप्ता से उनकी बेटी मिकी कुमारी की शादी 20 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी के बाद से उनकी बेटी को दहेज के लिए उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। एक अक्तूबर 2024 को उनके दामाद ने मिकी के भाई को फोनकर बताया कि वह डेहरी से मिकी कुमारी का इलाज कराकर लौट रहे हैं, उन्हें हरिहरगंज पहुंचने को कहा था। जब वे पहुंचे तो उनकी पुत्री घर में मृत पड़ी थी।उनकी पुत्री चार माह की गर्भवती थी।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ असम के दौरे पर,देखा पूर्वोत्तर का विकास

रांची । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय असम दौरे पर हैं। इस दौरान सोमवार को उन्होंने असम के विभिन्न संस्थाओं का दौरा कर पूर्वोत्तर के विकास कार्य को देखा। इस अवसर पर श्री सेठ ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हेमंता बिस्व शर्मा के नेतृत्व में असम रोजगार सृजन में भी कीर्तिमान बना रहा है। आज बजाली के पाताचारकुची अनुमंडल में दूध उत्पादक डेयरी किसान जूना तामुली बर्मन से मिला, उनके फार्म का भी अवलोकन किया। इनके उद्यम कौशल को लेकर पशुपालन और डेयरी विभाग,भारत सरकार द्वारा इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। जूना तामुली डेयरी फार्म के साथ-साथ मत्स्य पालन तालाब का भी रखरखाव करती हैं। यह सुखद लगता है कि छोटे शहरों की महिला किसान भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। अपनी आजीविका में सुधार कर रही हैं। श्रीमती बर्मन सभी महिला किसानों के लिए प्रेरणा हैं। असम के बजाली में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया।यह आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक प्ले स्कूल है जो वहां के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से हर सुविधा से सुसज्जित है ।साथ ही असम में तपोवन स्पेशल स्कूल का अवलोकन कर बच्चों के संग संवाद किया वहां की शिक्षा प्रणाली से अवगत हुए साथ ही बजाली जिले के अधिकारियों के साथ भारत सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा की ।

मछली पालन के लिए हर पंचायत में ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किये जायेंगे : निदेशक

खूंटी । जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी के परिसर में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला-सह-मत्स्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कृषि मंत्री पशुपालन एवं सहकारिता के दिशा-निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में निदेशक ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मछली पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने खूंटी जिले को मछली उत्पादन में अव्वल बनाने का लक्ष्य रखा और बताया कि जिले में 23 जलाशयों के 5000 हेक्टर क्षेत्र में मछली पालन की अपार संभावनाएं हैं। निदेशक ने बताया कि जिले के लगभग 4500 मत्स्य पालकों का नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफॉर्म पर निबंधन करना आवश्यक है। ताकि वे मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। इसके लिए किसान निकटतम प्रज्ञा केन्द्र या सीएससी सेंटर में निबंधन करा सकते हैं। कार्यशाला में उप निदेशक मत्स्य, अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मत्स्य बीज उत्पादन के लिए फीड बैंक की स्थापना करना और किसानों को एनएफडीपी, एनएसपीएएडी और केसीसी योजनाओं में निबंधन के लिए प्रेरित करना है। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक शिवानी कुमारी ने किसानों को एफएफपीओ के माध्यम से लोन प्राप्त करने और कार्यशील पूंजी जुटाने के बारे में जानकारी दी। सहायक मत्स्य निदेशक, रेवती हांसदा ने किसानों को अबंदोबस्त तालाबों का उपयोग मछली पालन के लिए करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला परियोजना समन्वयक, संजय कुमार ने मछली पालन के साथ अन्य कृषि गतिविधियों में सहयोग की जानकारी दी।

हिंडालको अनलोडिंग में मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन

लोहरदगा । पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हिंडालको के जरिये संचालित लोहरदगा अनलोडिंग परिसर में ट्रक अनलोडर मजदूर संघ का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनिल उरांव ने किया । इस कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कोयला ,इस्पात एवं खनन मंत्रालय लोकसभा के स्थायी समिति के सदस्य सुखदेव भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के जरिये आयोजित आंदोलन में वह उनके साथ हैं क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । सांसद ने कहा कि सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर विगत 17 वर्षों से यहां काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिना मजदूर मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर दो माह से अलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूरों के समझ भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों की फीस की राशि नहीं दे पा रहे हैं ।देश के निर्माण में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान होता है और हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है।

सोहराय पर्व को देखते हुए नगर पंचायत ने कराई शहर की साफ़ सफाई

महगामा प्रतिनिधि/ गोड्डा = आगामी सोहराय पर्व को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई का कार्य में तेजी हुआ। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर नगर प्रबंधक रोहित गुप्ता एवं नगर पंचायत के परवेक्षक दिलदार अंसारी के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में साफ़ सफाई कराई गई। जहां हॉस्पिटल रोड, उर्जानगर मंदिर, हॉस्पिटल मुख्य मार्ग, उर्जानगर गेट के पास एवं जगह जगह पर साफ सफाई अभियान चलाया गया । वहीं नगर पंचायत पर्यवेक्षक दिलदार अंसारी ने कहा कि हर पर्व में इस तरह का अभियान जारी रहेगा एवं सभी वार्ड में सफाई का गाड़ी से सफाई की जा रही है। इस साफ़ सफाई के दौरान समाजसेवी बेटा राम मुर्मू, जमादार राजकुमार यादव, चंदन कुमार एवं नगर सफाई कर्मी मौजूद रहे ।

बालिका खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

गोड्डा । महागामा के गोविंदपुर संत थॉमस स्कूल परिसर में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रखंड समुह स्तरीय बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संत थॉमस स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य डाक्टर विपिन वर्गीस ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़ और रस्सी जंप का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संत थॉमस गोविंदपुर, द्वितीय पुरस्कार धर्मोडीह और तृतीय पुरस्कार गोविंदपुर को दिया गया। 200 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार संत थॉमस स्कूल गोविंदपुर, द्वितीय पुरस्कार धर्मोडीह और तृतीय पुरस्कार गोविंदपुर को मिला वहीं रस्सी जंप प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संत थॉमस स्कूल गोविंदपुर, द्वितीय पुरस्कार धर्मोडीह और तृतीय पुरस्कार गोविंदपुर टीम को संत थॉमस स्कूल के प्राचार्य विपिन वर्गीस के द्वारा मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किए। इस मौके पर संत थॉमस स्कूल के शिक्षक रेनू मिस मेरी, रूपक कुमार, किशन कुमार, राहुल कुमार के अलावा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस कमेटी ने शुरू किया संविधान रक्षक अभियान

जामताड़ा। जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य देश के संविधान को कमजोर करने, सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता में कमी को उजागर करना है। अभियान के पांच प्रमुख विषयों में संविधान और समानता की लड़ाई जिसमें भारत में बढ़ती असमानता और इसे दूर करने में भाजपा की विफलता को रेखांकित करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा में जाति जनगणना की आवश्यकता और भाजपा के आरक्षण विरोधी दृष्टिकोण को उजागर करना, भेदभाव का उन्मूलन में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के खिलाफ भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का पर्दाफाश करना, गरीबों के खिलाफ पूंजीवादी नीतियां में भाजपा द्वारा पूंजीपतियों के पक्ष में बनाई जा रही नीतियों को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता की रक्षा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक संस्थानों के दुरुपयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण पर भाजपा के हमलों को उजागर करना शामिल है। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला प्रभारी मनोज कुमार संबोधन करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा द्वारा संविधान से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर अरशद उल हक, दाऊद अंसारी, कराली चरण सारखेल, अजीत दुबे, बुलू चक्रवर्ती, वर्षा, तनवीर के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सहजकर्त्ता दल के तीसरे बैच के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- नाला प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्त्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे बैच के पहले दिन का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में पंचायत राज समन्वयक तरुण कुमार हेम्ब्रम तथा मुखिया अजित मुर्मू आदि के द्वारा प्रशिक्षण दी गई।इस दौरान ग्राम पंचायत विकास योजना अभियान के तहत जीपीएफटी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।इस क्रम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका ग्राम तथा स्वास्थ्य ग्राम, बाल हितैषी ग्राम,पर्याप्त जलयुक्त ग्राम सहित विभिन्न बिंदु पर चर्चा की गई।इस दौरान स्थानीय लक्ष्य के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों, हितकारों के बीच समन्वय और अभिसरण गांव में साझेदारी और सहयोग स्थापित करना तथा एलएसडीजी में युवाओं बच्चों तथा एसएचजी की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देना,स्थानीय कार्यवाही के अंतर्गत एकीकृत जीपीडीपी तैयार करना, ग्राम पंचायतों में सूचना पटल,विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओं के बारे में जागरूकता,आरटीआई शिकायतों का समय पर निपटान, समाज में कमजोर और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहचान करना तथा मजबूत ग्राम आईसीटी के उपयोग के माध्यम से सेवाओं का प्रभावी वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बंदरडीहा,श्रीपुर, गेड़िया, कुलडंगाल, पंजुनिया, धोबना आदि पंचायत के सहजकर्त्ता दल के सदस्य मौजूद थे।

डीसी ने विद्यालय भवन के लिए जमीन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

कुंडहित (जामताड़ा) = रविवार को उपायुक्त कुमुद सहाय एंव आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज ने कुंडहित प्रखंड के आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय एंव अनुसुचित जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय के लिए जमीन निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त कुमुद सहाय ने प्रखंड के धेनुकडीह स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय के अतिरिक्त भवन के लिए विद्यालय के पीछे जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीओ सीताराम महतो से जमीन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सीओ सीताराम महतो ने बताया कि धेनुकडीह मौज स्थित विद्यालय भवन से सटा दाग नंबर 1334 में एक एकड़ खास जमीन है। उस जमीन की नापी कर कागजात तैयार करने का निर्देश दिया गया। वही विद्यालय में प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े से विद्यालय में भवन, शौचालय, पेयजल ,बच्चों की उपस्थिति तथा अन्य बिंदुओं पर विस्तार जानकारी हासिल की। राजकृत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक विद्यालय के भवन के लिए आसानलिया मौजा स्थित दाग नंबर 4803 में तीन एकड़ पुरातन पतित जमीन विद्यालय भवन के लिए उपलब्ध कराया गया है, जिसका उपायुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमीन की वस्तुस्थिति के बारे में उपायुक्त ने सीओ से बिस्तार से जानकारी हासिल की । साथ ही जमीन को जेसीबी मशीन लगाकर समतल करने का निर्देश दिया गया। वहीं जमीन की कागजात तैयार कर एक प्रति आईटीडीए को तथा एक प्रति आंचल एवं एक प्रति उपायुक्त के नाम पर भेजने का निर्देश दिया गया । इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा राजकृत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक विद्यालय अपग्रेड विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा ।जिसके निमित्त जमीन का निरीक्षण किया गया। जमीन के कागजात तैयार होने के बाद ही भवन के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। मौके पर उपयुक्त के अलावे आईटीडीए निदेशक जुगनू मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी लब कुमार, सीओ सीताराम महतो, बीडीओ जमाले रजा, प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े,अंचल निरीक्षक धनंजय प्रसाद, राजस्व कर्मचारी संदीप हेम्बरम, अशरफी पूजहर, आमीन मोतिलाल मुर्मू आदि उपस्थित थे। बता दें कुंडहित में आदिम जनजाति विद्यालय जर्जर हो जाने पर जिला अधिकारी द्वारा सिंहवाहिनी प्लस टु उच्च विद्यालय के बालिका छात्रावास पर बीते 11अगस्त 2022 से विद्यालय का संचालन हो रहा है। मौके पर आईटीडीए निदेशक के अलावे प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े,राजस्व कर्मचारी संदीप हेम्बरम एंव विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

पेड़ में फंदे से लटकता मिला नाबालिग लड़की का शव

गोड्डा। ललमटिया संवाददाता = थाना क्षेत्र के लोहंडिया बस्ती में अहले सुबह फंदे से लटकता हुआ एक नाबालिग लड़की शव शव बरामद हुआ। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। वही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस दी। सूचना मिलते ही ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राऊत व सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार साहा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मृतिका की पहचान प्रीति हंसदा पिता सुफल हंसदा ग्राम मंडरो खेरवा जिला साहिबगंज की रहने वाली है। बताया जाता है। की मृतका बचपन से ही अपने नानी घर लोहंडाया बस्ती में रहा करती थी। मृतका 3 बहन में सबसे छोटी है। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है। वही ललमटिया थाना प्रभारी से बातचीत में उन्होंने कहा की शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद सबकुछ साफ हो जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया गरीबों एवं लाचारों में कंबल का वितरण

गोड्डा । सदर प्रखंड के अंतर्गत मारखन पंचायत के काठोन एवं कुटनी पाथर ग्राम में जिला कांग्रेस के सम्मानित जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के द्वारा इस कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए गांव के गरीब असहाय, वृद्ध पुरुष एवं महिलाओ के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाने वालों में मो. शांति देवी, विपति देवी, मो. मीरा देवी, मो. पत्रिका देवी, छठ भगत, सोनालाल भगत, बिजली ठाकुर, नरसी मांझी कई जरूरत मंदों को कंबल दान किया। जिला अध्यक्ष के इस कार्य से सभी गरीब गुरबा लोग खुश हो कर श्री यादव को धन्यवाद और आशीर्वाद दिया।मौके पर बासुदेव भगत एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

मिहिजाम। सोमवार को मिहिजाम गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही क्षेत्र के सिक्ख समुदाय के लोग काफी संख्या में एकत्रित हुए। साथ ही बच्चों ने भी इस अवसर पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही ग्रंथि के द्वारा पाठ कर अरदास किया गया। साथ ही दीवान साहिब को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया गया था। इसके अलावा गुरुद्वारा साहिब को आलोक सज्जा से सजाया गया था। यह आयोजन सिक्ख समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें उन्होंने अपने 10वें गुरु की याद में समारोह आयोजित किया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने मुगल आक्रांता वजीर खान और औरंगजेब के साथ संघर्ष में अपने माता-पिता और चारों साहेबजादों का बलिदान दिया था। उनकी वीरता और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। गुरुद्वारा साहिब के सचिव गुरमीत सिंह गांधी ने बताया कि यह दिन सनातन धर्म मानने वालों के लिए ऐतिहासिक है। गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म बिहार के पटना में हुआ था। वह सिख धर्म के नौवें गुरु तेग बहादुर साहब की इकलौती संतान थे। इस अवसर पर जालंधर से आए हुए रागी जत्था भाई सुखजिंदर सिंह के द्वारा प्रस्तुत किए गए कीर्तन उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अरदास के पश्चात गुरुद्वारा साहिब परिसर में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए जिनमें चितरंजन आरपीएफ के आईजी सत्य प्रकाश, जगजीत सिंह अध्यक्ष, गुरमीत सिंह सचिव, नरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, रणजीत सिंह, रोहित सिंह, अमरजीत सिंह, बिट्टू, अमरीक सिंह हेड ग्रंथि, परमजीत सिंह शामिल थे।

डायनामिक क्लासेस के वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित

गोड्डा = स्थानीय रौतारा मुहल्ला स्थित डायनामिक कॉमर्स क्लासेस का एनुअल एंड फेयरवेल कार्यक्रम रविवार को विद्यापति भवन के प्रशाल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तहत देर शाम तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में डायनामिक क्लासेस के प्रगति की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए इसे जिला का गौरव बताया। इस अवसर पर क्लासेस की संचालिका मिताली घोष एवं संरक्षक अजीत घोष के अलावा विभिन्न कोचिंग संस्थान के निदेशकों में मो. रफसन जानी, अभिषेक झा, ललन श्रीवास्तव, विवेकानंद शर्मा एवं निखिल कुमार झा सहित बड़ी संख्या में पास आउट एवं वर्तमान छात्र - छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मिताली घोष ने किया।

दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक घायल

महगामा = प्रखंड अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र के सुंदरचक गांव में एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहम्मद मोकरम, मो0 पिता मुर्शीद, हनवारा से अपने घर की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल आ रही थी तभी दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आफताब, पिता सज्जाद गाड़ी लेकर जा रहा था। वहीं घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, मोकरम को सिर और पैर में चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गाड़ी तेज गति से चल रही थी, जिससे यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक अफताब ने मौके पर रुककर घायल की मदद करने की कोशिश की इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज गति से गाड़ियों के चलने पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इसलिए प्रशासन को यहां स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुर्घटना के कारणों की जांच करने और उचित कदम उठाने की अपील की है।

ममता बनर्जी के जन्मदिन पर तृणमूल कांग्रेस ने कई कार्यक्रम किए

चितरंजन। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के जन्मदिन के अवसर पर सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस ने कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में गरीबों और वंचितों को सहायता प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर युवा तृणमूल कांग्रेस ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी में दो केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद, स्थानीय कुष्ठ हॉस्पिटल में 340 रोगियों को मिठाइयाँ और फल वितरित किए गए। साथ ही, आसपास के कुष्ठ कॉलोनी के 15 परिवारों को भी इन सामग्रियों का वितरण किया गया। इसके अलावा, ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में स्थानीय मुचिडी कॉम्युनिटी हॉल में लगभग एक हजार आदिवासी महिलाओं को साड़ी उपहार में दी गई। यह कार्यक्रम बदना परब के अवसर पर आयोजित किया गया था, जिसमें सालानपुर, अल्लादी, देंदुआ और बासुदेवपुर, जेमारी पंचायत क्षेत्र की महिलाओं को सहायता प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं ने भाग लिया, जिनमें ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अरमान, सह-अध्यक्ष भोला सिंह, तृणमूल नेता मुकुल उपाध्याय, पंचायत समिति अध्यक्ष कैलाशपति मंडल, सह-अध्यक्ष विद्युत मिश्रा और अन्य शामिल थे।

साथी संस्था एवं पॉल हेमलीन फाउंडेशन द्वारा पोषण जागृति मेला आयोजित

गोड्डा । शरीर में पोषण को बढ़ावा देने और खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज का निर्माण हो इस दिशा में समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक बनाना एवं उसे सामाजिक परिवर्तन से जोड़ना अहम है। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए स्वयं सेवी संस्था साथी और पॉल हेमलीन फाउंडेशन के सहयोग से बोआरीजोर प्रखंड के ग्रामसभा कसामु द्वारा पोषण जागृति मेला का आयोजन कसामु खेल मैदान में किया गया। जिसके तहत कई तरह के खेल कूद का आयोजन किया गया और इसी दौरान पोषण को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। वहीं ग्राम प्रधान चमरू पहाड़िया ने कहा की खेल को तो एक माध्यम चुना गया है। इस माध्यम से लोगो को अपने पोषण के प्रति जागरूक करना है। लोगो को पोषण बाड़ी लगाने, विलुप्त हो रहे परम्परागत खेती को लाने की जरूरत पर बल दिया गया। साथी संस्था के पोषण प्रबंधक गौरव पाल ने कहा की साथी पिछले कई साल से इस क्षेत्र में कुपोषण मुक्ति के लिए काम कर रही है और इससे प्रेरित होकर आज कसामु ग्राम सभा ने ये आयोजन कर साबित कर दिया है की अब किसी भी सूरत में कुपोषण को जड़ से मिटाना है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खेल कूद का आयोजन किया गया जिसमे चॉकलेट रेस में विदेशी पहाड़ीन प्रथम, द्वितीय संचा, तीसरे स्थान पर पूजा पहाड़िया, चप्पल रेस लड़की में प्रथम किरण मालतो, द्वितीय गीता हांसदा तीसरा सोमी पहाड़ीन और पोषण रेस में प्रथम मनीषा पहाड़ीन, द्वितीय मेरी पहाड़िन, तीसरे स्थान सुरजी पाहाड़ीन, आयरन गोली चुनाव रेस में प्रथम किरण पाहाड़ीन, द्वितीय सबिता पाहाड़ीन, तीसरे स्थान पर धर्मी पहाड़िन एवं बौधिक विकास रेस में प्रिया मालतो, धर्मी मालतो और मेरी मालतो को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खेल के आयोजन में समुयेल, संजय, नारायण, गौरव, मीनू, नीरज, असफाक, सुमित, कालियास, सुनीता आदि का सराहनीय योगदान रहा है। वहीं खेल मैदान में सेकड़ो दर्शक मौजूद थे।

एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का मिलन समारोह सह वनभोज आयोजित

महागामा । एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ, गोड्डा के जिलाध्यक्ष सह महागामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमपीडब्ल्यू कर्मी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में सुंदरडेम में मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान कर्मियों के बीच संवाद करते हुए कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा किया गया। वहीं विभिन्न प्रखंडों से आए कर्मियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को साझा किया। कुछ मुद्दों का समाधान आपसी सहमति से किया गया, जबकि अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं को जिला कार्यालय के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया।सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंड के कर्मियों ने उपायुक्त द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में काम करने के कारण नेटवर्क और लोकेशन से जुड़ी कठिनाइयाँ, ऐप में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मुख्यालय जाना, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। सभी ने एक स्वर में कहा कि सामूहिक आवेदन देकर जिला उपायुक्त से अनुरोध किया जाएगा कि इस प्रक्रिया से एमपीडब्ल्यू कर्मियों को मुक्त किया जाए। कर्मचारियों ने यह भी शिकायत की कि कुछ प्रखंडों में समकक्ष पदधारियों द्वारा निरीक्षण और उपस्थिति पंजी की निगरानी का विरोध किया गया। इस विषय को लेकर उच्चाधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया गया।

राम कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

गोड्डा/ ठाकुरगंगटी । प्रखंड क्षेत्र के बनियाडीह गांव में नौ दिवसीय राम कथा को ले रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। ढोल, बाजे, झंडा बैनर, 301कलशयात्री के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बनियाडीह गांव से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। पंजराडीह मार्ग के निकट नदी में जल भरने के बाद बनियाडीह के सभी मार्गों, धाबाटीकर और रूंजीहाट परिसर तक कलश यात्रा पहुंची। फिर वहां से वापस होकर कथा स्थल के पास कलश स्थापित कर कलश की पूजा अर्चना की गई। कलश यात्रा में मुखिया गीता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल यादव, शिव बच्चन शाह सहित गांव के दर्जनों नवयुवक, बुजुर्ग, युवती, महिलाएं शोभा यात्रा में साथ-साथ चल रही थी। संध्या छह बजे से कथा व्यास रामदास जी महाराज ऊर्फ बबलू बाबा द्वारा कथा मंच पर राम कथा प्रारंभ की गई। आगामी 13 जनवरी तक प्रत्येक संध्या6=00 बजे से रात्रि10=00 बजे तक राम कथा सुनाई जाएगी। बीच-बीच में भजन कीर्तन भी होगा और अंत में आरती लगाई जाएगी।सामूहिक रूप से प्रसाद वितरित की जाएगी।बनियाडीह गांव में राम कथा को लेकर निकटवर्ती रुंजी, पंजराडीह, आशाखापड़, नावाडीह, रायडीह आदि गांव के ग्रामीणों में उत्साह देखी जा रही है। इस गांव में राम कथा का आयोजन से इलाके का माहौल भक्ति में हो गया है। इलाके के दर्जनों गांव के सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु कथा में भाग ले रहे हैं।

फंदे से झूलता मिला महिला का शव

रामगढ़। रामगढ़ शहर के जरा टोला रानी बागी में एक महिला का शव घर में ही फंदे से झूलता हुआ मिला। मृतका कविता पांडे की मौत को उसके परिजनों ने हत्या करार दिया है। इस मामले में कविता पांडे के पिता तेज नारायण पांडे ने रामगढ़ थाने में हत्या के प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिहार राज्य के आरा जिला अंतर्गत सलेमपुर गांव निवासी तेज नारायण पांडे ने सोमवार को पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2015 में जरा टोला रानी बागी निवासी

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर सं. ओ-एसी-अी-186-24-25 (ओपन), माहित 02.01.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पेन-713301 होतेते नोवाको काामी फान्डाव लागित् ई-ठिकाको (खुली) नेवतायेत् कानाः केस सं.: ओ-एसी-टी-186-24-25; काामी रेयाक् जुतुमः एईएन/जेएसएमई तारी रे एसएसई/पी.वे/डीजीएचआर अनुभाग रे ट्रैक मोरामुतीय आर जेल-जोतोन लागित् खुला ठिका। ठिका रेयाक् पूंजी: रु. 75,48,630.15। बायना पायसाः रु. 1,51,600; काामी पुराउ सोमोयः 12 चान्दो। बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः 30.01.2025 हिलोक् तिकिन 12.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे जेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-291/2024-25)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मंईयां सम्मान- कर्ज की जंजीरें तोड़, वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, महिलाओं को सशक्त बनाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन

झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है

आज से पांच महीने पहले शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आर्थिक पुनरुद्धार एवं राज्य के सर्वांगीण विकास यात्रा में मिल का पत्थर साबित हो रही है।आज का यह दिन इसलिए अभूतपूर्व है क्यूंकि आज से राज्य की सभी बहनों (18-50 वर्ष) के खातों में मेरे वादे के अनुसार 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुँचनी शुरू हो जाएगी। यह उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का प्रथम कदम अवश्य है। आज मैं आपसे मंईयां सम्मान योजना सृजन के पीछे के उद्देश्य को साझा करना चाहता हूं कि आख़िर क्यों झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। पर इस क्रांतिकारी योजना के महत्व को समझने के लिए झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि को समझा जाना नितांत आवश्यक है। दशकों से, हमारे राज्य ने ग्रामीण परिवारों पर शोषक साहूकारों के विनाशकारी प्रभाव को देखा है, जिसमें महिलाएं कर्ज से उत्पन गरीबी का असहनीय बोझ उठाती रही हैं। मैंने खुद महसूस किया है कि हमारे राज्य की करीब - करीब हर महिला अपने बच्चों की पढ़ाई या दवाई के लिए महाजनों से कर्ज लेती थीं और बाद में ब्याज के दलदल में फंस कर मजदूरी या हड़िया दारू बेचने में ही अपने जीवन का स्वर्णिम समय बिता दिया। मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में 1970 के दशक में महाजनों के विरोध में चलाए गए आंदोलन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कर्ज ने पीढ़ियों को गरीबी के चक्र में फंसा दिया। कर्ज के कारण बंधुआ मजदूरी करनी पड़ी और पैतृक भूमि तक छिनी गई। यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मंईयां सम्मान योजना शोषक साहूकारी प्रथाओं के खिलाफ मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के ऐतिहासिक संघर्ष की विरासत को जारी रखने में एक साहसिक कदम है।जैसा की मैंने ऊपर बताया - आज इस सार्वभौमिक योजना के पांचवें महीने में, 18-50 वर्ष की आयु की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक प्रदान की जाएगी। यानि वर्ष में 30,000 रुपये, बिना किसी देरी और बिना किसी को खुशामद किए हुए। मंईयां सम्मान के माध्यम से हम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को लक्षित कर उनके वित्तीय स्वतंत्रता के इस संघर्ष में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। तस्वीर बदल रही है। मेरी बहनों, दीदियों के चेहरे पर मंईयां सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी बन रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था पुनः चल पड़ी है। सार्वभौमिकता ना सिर्फ इस योजना की प्रकृति है बल्कि इसकी आधार शक्ति भी है। यही वजह है कि किसी महिला की आर्थिक स्थिति को इस योजना के योग्यता के मानक में शामिल किए बिना, बिना जटिल कागज़ी प्रक्रिया के - 18 से 50 आयु वर्ग की सभी महिलाओं को मंईयां योजना का हकदार बनाकर आपकी अबुआ सरकार ने उन त्रुटियों को समाप्त कर दिया है जो पूर्व में कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य को हासिल करने में बाधक बनती थी। यह सार्वभौमिक योजना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करती है। मेरा अटूट विश्वास है कि एक परिवार की 18-50 वर्ष की हर बहन को 2,500 रुपये मासिक और 30,000 रुपये सालाना उपलब्ध कराने से परिवार की आय में परिवर्तनकारी वृद्धि होगी, विशेष रूप से झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता पारंपरिक रूप से बहुत सीमित रही है। वैश्विक आर्थिक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। महिलाएं आमतौर पर पुरुषों की तुलना में परिवार के कल्याण में अपनी आय का अधिक हिस्सा निवेश करती हैं। महिलाओं का यह गुण मंईयां सम्मान को एक साधारण कल्याण योजना की बजाय झारखंड की भावी पीढ़ियों के लिए एक रणनीतिक निवेश साबित होगी। निश्चित रूप से यह योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है।

इस योजना का वित्तीय समावेशन का पहलू विशेष ध्यान देने योग्य है। महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण से हम पहली बार लाखों महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में ला रहे हैं। इस समावेशन के कई लाभ हैं - बैंकिंग क्रेडिट हिस्ट्री बनने से उचित दरों पर ऋण की उपलब्धता हो पाएगी। इसका प्रभाव व्यक्तिगत लाभ से परे है; यह ग्रामीण झारखंड के पूरे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जबकि शोषक साहूकारों की पकड़ को व्यवस्थित रूप से कमजोर करता है।

मेरा मानना है कि महामारी के बाद मंईयां सम्मान योजना लागू होने का यह समय ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोविड-19 का आर्थिक प्रभाव विशेष रूप से लिंग आधारित रहा है। महिलाओं को नौकरी छूटने और आय के अवसरों में कमी का अनावश्यक बोझ उठाना पड़ा है। आर्थिक सुरक्षा के साथ साथ यह योजना उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करती है। जब महिलाओं के पास क्रय शक्ति होती है, तो स्थानीय बाजार फलते-फूलते हैं, जिससे आर्थिक विकास का एक अच्छा चक्र बनता है। इसकी मजबूत नींव आपकी अबुआ सरकार ने रख दी है।सरकार के इस तरह के सार्वभौमिक कार्यक्रम के राजकोषीय निहितार्थों पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को इसे केवल व्यय की बजाय, एक निवेश के रूप में जानना समझना चाहिए। इस योजना पर खर्च की जा रही राशि हमें कई रूपों में वापस मिलेगी कई - जैसे आकस्मिक स्वास्थ्य समस्त पर कम खर्च, परिवार में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर पोषण को बढ़ावा एवं इसके कारण कम सामाजिक कल्याण खर्च के रूप में। इसके अलावा, बढ़ी हुई खपत के माध्यम से उत्पन्न आर्थिक गतिविधि कर राजस्व को बढ़ावा देगी। यह एक वाइब्रेंट स्थानीय अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूती देगी जिसका खाका मेरी सरकार ने खींच लिया है।

योजनाओं को लेकर हमारा यह दृष्टिकोण कल्याणकारी राज्य की सोच में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी समाज के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए यह अनिवार्य है की लोगों की ज़रूरत को समझा जाए, और यह तय करने के पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के बजाय, हम महिलाओं पर अपने परिवारों के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने पर भरोसा करते हैं। नियमित आय का प्रवाह महिलाओं को उनकी अपनी परिस्थितियों के अनुकूल योजना बनाने, बचत करने और निवेश करने में सक्षम बनाता है। जिससे वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है। इस योजना का ÷मंईयां सम्मान÷नाम आर्थिक तौर पर मजबूत नींव प्रदान करते हुए, हमारी झारखंडी विरासत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। हमारे देश के अन्य हिस्सों में और साथ ही झारखंड में, महिलाएं घरेलू काम, बच्चों की देखभाल और कृषि गतिविधियों में अनगिनत घंटे बिताती हैं - ऐसे योगदान को ऐतिहासिक रूप से स्वीकारा नहीं गया, ना ही इसके लाभ दिए गए। यह मासिक भुगतान इस तरह की केयर इकोनॉमी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनके काम के लिए कुछ हद तक आर्थिक मान्यता प्रदान करता है।

मैं मंईयां सम्मान का समर्थन करने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय भी करना चाहता हूं। प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए आज के सूचना तकनीक का लाभ उठाकर, हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में पहले हुए कमियों को दूर करने का प्रयास भी कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों की पहुंच महिलाओं के बीच वित्तीय और तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देती है, उन्हें तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करती है। वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण का संयोजन हमारी महिलाओं को वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए तैयार करता है। ऐसे ही तो बनेगा सोना झारखंड।

इस योजना के पर्यावरणीय निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं - शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं के पास अधिक आर्थिक तंत्र होती है, तो वे संसाधन प्रबंधन में अधिक टिकाऊ विकल्प चुनती हैं। झारखंड के संदर्भ में, जहां महिलाएं पारंपरिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वहां बेहतर वन संरक्षण, अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियां और बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हो सकता है। श्रम बाज़ार के परिणाम भी यहां उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुनियादी आय की गारंटी के साथ महिलाएं अपनी रोज़गार वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति प्राप्त करती हैं। वे शोषणकारी कार्य स्थितियों को अस्वीकार कर सकती हैं। साथ ही बेहतर काम के अवसरों की तलाश में समय लगा सकती हैं। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने की स्थिति और मजदूरी में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है, जहां हमारी कई महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही मैं सबको आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस अभूतपूर्व पहल को लागू करते समय, हम आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सचेत हैं। योजना का सुचारू रूप से जारी रखना, साथ ही पूरी पारदर्शिता बनाए रखना एवं राज्य के खजाने को बिना किसी पर भार दिए भरना और इस योजना की सार्थकता को लगातार मापने हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि योजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो, हम फीडबैक और परिणामों के आधार पर नियमित मूल्यांकन और समायोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंईयां सम्मान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है - यह झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, हम सिर्फ शोषक साहूकारों से मुक्ति के आंदोलन के अगुवा आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने को ही पूरा नहीं कर रहे हैं; हम एक ज़्यादा न्यायसंगत, समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की नींव रख रहे हैं। यह पहल दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल कायम करती है और संभावित रूप से सार्वभौमिक बुनियादी आय और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय विमर्श को आकार देती है। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आज़ादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं। जय हिंद, जय झारखंड

पाकुड़ की खबरें

भाजपा ने चलाया नवीनगर मंडल में सदस्यता अभियान

पाकुड़। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नवीनगर मंडल के अंतर्गत झिकरहाटी पश्चिमी पंचायत के कुनाई टोला में भारतीय जनता पार्टी का प्राथमिक सदस्यता अभियान मंडल उपाध्यक्ष भुटू कुनाई के नेतृत्व में चलाया गया। सदस्यता अभियान में मंडल प्रवासी पदाधिकारी हिसाबी राय मौजूद रहे। विशेष सदस्यता अभियान का कैंप लगाया गया साथ ही घर-घर टोली बनाकर भाजपा का सदस्य बनाया गया। उक्त अवसर पर मौजूद मंडल प्रवासी प्राधिकारी हिसाबी राय ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 14 जनवरी तक चलेगा उसके उपरांत सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे सदस्यता अभियान में जिस सदस्य की संख्या पूर्ण की होगी उसे ही सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा।इस दौरान टोली में मनोज कुनाई,स्वार्थ कुनाई,आमिरुल शेख,जयराम कुनाई,नौकौड़ी राजवंशी,चन्दना कुनाई,माला कुनाई,शंभू कुनाई,गौरांगो राजवंशी आदि मौजूद थे।

पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत सोमवार को प्रखंड के सभागार भवन में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों का द्वितीय फेज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर प्रखंड समन्वयक अभिषेक गोंद,परेश कुमार भारती, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कमल पहड़िया के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मास्टर ट्रेनर परेश भारती ने उपस्थित सदस्यों को जीपीडीपी के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधित अपेक्षाएं एवं उद्देश्य, सहभागिता के लिए संबंधित नियम , सतत विकास लक्ष्य एवं उन विषयों के ऊपर समझ बनाना ,सतत विकास एवं हमारे क्षेत्र की समस्याओं के बीच संबंध , साझा पहलू पर सामाजिक मानचित्र और संसाधन मानचित्र के ऊपर समझ बनाना सभी के भागीदारी से सहयोगी पूर्ण वंचित परिवारों जैसे एकल महिला, वृद्ध ,विकलांग आदि का चिंहितिकरण विषय पर विस्तृत जानकारी दी।ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जल सहिया, एक वीपीआरपी फैसिलिटेटर, विषय से संबंधित पंचायत स्थायी समिति के सदस्य वार्ड सदस्य अध्यक्ष एवं सदस्य को फ्रंटलाइन कार्यकर्ता के रूप में शामिल किया गया । ग्राम पंचायत के समुचित विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025--2026 में सभी विभागों की योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है

तथा योजना चयन से सम्बंधित सभी आधारभूत बिदुओं पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी।प्रशिक्षकों ने विभाग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। मौके पर कमरुल जमाल, राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

युवक की चाकू गोतकर हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। सोमवार को अहले सुबह नगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर के समीप नारायणपुर जाने वाले रास्ते के एक खेत से एक युवक की शव बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। शव की पहचान पश्चिम बंगाल के धूलिया के हिचलतल्ला निवासी मोहम्मद आजाद हुसैन (33) के रूप में की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शव के पेट पर चाकू से वार करने के निशान मिले है व शव के गले से लिपटा एक रस्सी मिली है । वही शव के कुछ दूरी पर रास्ते मे एक लवारिस बाइक भी मिली है। जानकारी के अनुसार गाय चराने निकले कुछ बच्चे ने एक युवक को खेत मैं पड़ा देखा , बच्चे जब युवक के पास गए तो उनके होश उड़ गए। उसका पेट के कुछ अंग बाहर निकले हुए थे। बच्चों ने भागते हुए अपने घर और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी थाने को दी गई। सूचना पाकर एसडीपीओ दयानंद आजाद दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव के पहचान होने के बाद घर वालों की इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला हत्या का जान पड़ता है। उन्होंने बताया कि शव के समीप एक चाकू ओर गेता टाइप का चाकू मिला है। शव से लगभग 100 मीटर दूरी पर लवारिस बाइक भी मिला है। जिसमें पश्चिम बंगाल का नंबर अंकित है। पुलिस को इससे काफी सहयोग प्राप्त होगी। बाइक का मुंह रेलवे कॉलोनी की दिशा की ओर था । पुलिस ने रास्ते से कुछ दूरी पर सीसीटीवी भी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी के फुटेज को तकनीकी आधार पर समझने में समय लगेगा। मोबाइल फोन के जरिए भी कुछ सहयोग प्राप्त होगा। मृतक को इसी जगह मर गया है अथवा कहीं से लाकर यहां फेंक दिया गया है। यह भी पता लगाने में पुलिस जुटी है।पोस्टमार्टम के आधार पर जांच की दिशा तेज की जाएगी। पुलिस मामले के तह तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। श्री आजाद ने बचाया की जल्द से जल्द मामला की खुलासा होगी ।पुलिस पूरी तरह से छानबीन मे जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। परिवार वालों से भी जानकारी हासिल की जा रही है।

डिजिटल ए टू जेड पब्लिक स्कूल में दसवीं वार्षिकोत्सव संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। डिजिटल ए टू जेड पब्लिक स्कूल जमशेदपुर में दसवीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राम रंजन कुमार सिंह झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रांची, विशेष अतिथि डॉक्टर अब्दुल रहमान मदनी, ग्राबरियल मुर्मू , राजकुमार भगत, मनोज भगत, रफीकुल इस्लाम, मनीरूल इस्लाम, जौहर सेख, पीस पब्लिक स्कूल के निर्देशक तथा सभी शिक्षक , गांव के भादू शेख, मुखिया सनाउल्लाह शेख, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक मो0 लुतफूल हक ने सूरा तिलावत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ÷मुझे माफ करना वो साइराम ÷ दर्शकों ने खूब ताली बजाई । विद्यालय के बच्चों द्वारा आदिवासी निर्त्य, नाटक, भाषण, डिबेट, क्विज कंपटीशन, एक्टिविटी सॉन्गआदि एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर वहां उपस्थित जनसमूहो का मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित अभिभावकों ने ताली बजाकर उनका हौसला अफजाई की।*सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को किया गया पुरस्कृत कार्यक्रम के दौरान स्कूल के वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया । सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मुस्लिम खातून 94.91त्न स्कूल टॉप , अल्फाज सेख 94.62त्न दूसरे टॉप तथा मधुमिता मंडल 91.20त्न नंबर लाकर थर्ड टॉप किया। तीनों छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि रामरंजन कुमार सिंह ने साइकिल देकर बच्चों के हौसला अफजाई की। कक्षा अस्टम के फातिमा खातून 84त्न, वर्ग सप्तम के श्याम मंडल 84.53त्न, अंक प्राप्त किया। 1 से 5 तक रैंक लाने वाले सभी बच्चों को विशेष अतिथि ने मोमेंटो ट्रॉफी देकर उनकी हौसला को अफजाई किया।विद्यार्थियों का सर्वांग विकास जरूरी–वसिम आकराम स्कूल के निर्देशक वसिम अकरम, स्कूल के उप निदेशक मोहम्मद सुल्तान अहमद, प्रिंसिपल उत्तम कुमार, वॉइस प्रिंसिपल मोहम्मद मुरसालीन, राजकुमार शर्मा, उर्दू शिक्षक लुतफुल हक, परवेज आलम, मुरसिदा खातून, सहवास आलम, निरुपमा मंडल, पारितोष कुमार, मासिउर रहमान, इम्तियाज आलम को मोमेंट तो देकर प्रोत्साहन किया गया। स्कूल के गर्वनिंग बॉडी जाफिरुल इस्लाम, अख्तरुल शेख, मुस्तफिजुर रहमान, रफीकुल शेख, अकुर शेख, सूरज सरकार, सैफुर रहमान ,असीकुल शेख, दिलवार सेख, लालटु सेख, मिसबाहुद्दीन सेख, एस मोहम्मद शेख,छुतर किसकु को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, और कहा कि विद्यार्थियों का चौमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य है। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम डिबेट क्विज भाषण नाटक से बच्चों के सर्वांगिंग विकास में सहायक है। टीम को साथ चलने की भावना विकसित होती है।

डीसी के निर्देश पर प्रखंड के खराब पड़े कई स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया गया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़) आखिर कार जिले के डीसी मनीष कुमार के निर्देश का बाद बिजली विभाग के पदाधिकारियों की नींद खुली जिसके बाद सोमवार को प्रखंड के मुख्य बाजार के बिजली खंभों पर लगे खराब पड़े कई स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया गया। इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता बिंजु विष्णु पूर्ति ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय में जिसने भी बिजली खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है उनमें से अधिकतर खराब हो चुके हैं। हालांकि डीसी के निर्देश पर सोमवार को खराब पड़े कई स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने का काम विभाग के कर्मियों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान लगभग 50 स्ट्रीट लाइट को ठीक किया गया है। मौके पर अरुण कुमार, श्याम कुमार(राजा), विद्युतकर्मी राजन के आलावे अन्य मौजूद थे।

थाना प्रभारियों के साथ एसडीपीओ ने की क्राइम मीटिंग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)एसडीपीओ विजय कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में क्राइम मीटिंग की बैठक में अमड़ापाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा, महेशपुर थाना प्रभारी विकर्ण कुमार, पाकुडिया थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, रदीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार मौजूद थे।बैठक में एसडीपीओ ने बारी- बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिये साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया।गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी करने, नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

एनालाइजर अल्कोहल मीटर से वाहन चालकों की हुई जांच

हिरणपुर (पाकुड़) उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय पाकुड़ की रोड सेफ्टी टीम एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा संयुक्त रुप से रविवार शाम वाहनों के चालकों को ब्रेथ एनालाइजर अल्कोहल मीटर से सघन जांच की गई।वाहनों में मुख्य रूप से यात्री बसों के अलावा अन्य छोटे यात्री वाहन एवं मालवाहक वाहन भी थे। जांच के क्रम में एक बाइक चालक नशा में ड्राइविंग करते पकड़े गए। सभी चलाको को निर्देश दिया गया कि गाड़ियों के सभी कागजात गाड़ी में रखे।शराब पीकर गाड़ी ना चलाए अन्यथा ऐसा पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं नो-पार्किंग में वाहन खड़ी करने पर जुर्माना लगाया गया। वहीं बिना हेलमेट बाइक चालकों से ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया। मौके पर थाना प्रभारी रंजन कुमार, सड़क सुरक्षा के कर्मी अमित कुमार राम, अजहद अंसारी एवं प्रभात अरविंद उपस्थित थे।

बैठक में अनुपस्थित तीन डीलरों से एमओ ने पूछा स्पष्टीकरण

हिरणपुर (पाकुड़) प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को डीलरों की मौजूदगी में मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एमओ संतोष कुमार ने की। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले तीन पीडीएस डीलरों के खिलाफ कारण बताओ नोटिश जारी किया गया है। बैठक के दौरान एनएफएसए दिसंबर 2024, ग्रीनकार्ड, राशन , दाल व धोती-साड़ी वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। एमओ ने सभी डीलरों को निर्देश देते हुए ससमय राशन के साथ दाल, चीनी, धोती-साड़ी सहित ग्रीन कार्ड के राशन वितरण में तेजी लाएं। दुकानों में निरीक्षण पंजी के साथ साथ यूनिट व शिकायत पंजी रहना आवश्यक है। एमओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि जो लाभुक 6 महीनों से ज्यादा समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, वैसे राशनकार्डधारी का राशन कार्ड निरस्त करने की अनुशंसा की जाएगी। एमओ ने कहा ईकेवाईसी को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किया।

शीतलहरी के मद्देनजर चौक-चौराहों में की गई अलाव की व्यवस्था

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। बढ़ती ठंड व शीतलहरी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से प्रतिदिन संध्या में प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि राहगीरों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिल सके।विदित हो कि जिले में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने नगर परिषद के प्रशासक, सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देशित किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का देवघर आगमन, अधिकारियों ने किया स्वागत

देवघर। आज 06 जनवरी 2025 को पूर्व प्रधानमंत्री हरदानहल्ली डोड्डेगौड़ा देवेगौड़ा (एचडी देवेगौड़ा) का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत में डीसी विशाल सागर,पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग इन अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

बाबूलाल मरांडी कल पहुंचेंगे दुमका

दुमका। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कल को दुमका पहुंचेंगे। वे दोपहर 2 बजे कुरूवा में दुमका सदर एवं गांदो मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त संगठनात्मक बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात शाम 6 बजे दुमका परिसदन में दुमका नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे।

नो-पार्किंग जोन में कार्रवाई, दर्जनों वाहन जब्त,मालिकों से वसूला गया जुर्माना

मधुपुर । रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी जूलियन आनंद टोप्पो के निर्देश पर मधुपुर रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार के नेतृत्व में सोमवार को नो-पार्किंग जोन में खड़े दर्जन भर से अधिक दोपहिया वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अवैध रूप से पार्क किए गए इन वाहनों को जब्त कर उनके मालिकों को 159 रेलवे एक्ट के तहत न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। सभी से जुर्माना वसूला गया,जिससे अवैध पार्किंग करने वालों में खलबली मच गई! आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर श्याम सुंदर ने बताया,÷स्टेशन के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था है, इसके बावजूद लोग स्टेशन के सामने गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती है, बल्कि रास्ता जाम भी हो जाता है । उन्होंने आगे कहा कि ऐसा अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि स्टेशन परिसर को व्यवस्थित रखा जा सके। इस मौके पर आरपीएफ एएसआई नरेंद्र कुमार और अन्य आरपीएफ जवानों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह कार्रवाई रेलवे नियमों के कड़ाई से अनुपालन की मिसाल पेश करती है।

मकर संक्रांति को लेकर मुखिया के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान

जामा। प्रखंड के पलासी पंचायत अन्तर्गत गर्म जल कुंड तांतलोई परिसर में सोमवार को पलासी पंचायत के मुखिया पति पुलिस हेमब्रोम व दामोदर मुसुप की ओर से साफ सफाई अभियान चलाया गया। मुखिया पति ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर यहां वर्षों से तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सभी श्रद्धालु गर्म जल कुंड में स्नान कर पिकनिक का आनंद लेते हैं। इसके मद्देनजर सभी के सहयोग से मेला परिसर की साफ सफाई की जा रही है। मौके पर सुभाष नाग, भूदेश्वर मुसुप, मंजू मुसुप, सरजू राय, मिस्टर मांझी, चन्दन मांझी, सीताराम मुसुप, तूफान राय, सरजू राय आदि मौजूद थे।

इन्टर स्टेट माइग्रेंट वर्कर यूनियन अध्यक्ष चुने गए जाकिर अंसारी

दुमका। लखीकुंडी वाटर पार्क स्थित इन्टर स्टेट माइग्रेंट वर्कर यूनियन कार्यालय में यूनियन पदाधिकारी का नए सिरे से चुनाव किया गया। इस चुनाव में यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया और नए पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव के परिणामों के अनुसार दुमका माइग्रेट स्टेट यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर अंसारी को यूनियन का नव निर्वाचित अध्यक्ष चुना गया है। इस अवसर पर यूनियन के सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। लोगों को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष जाकिर अंसारी ने कहा की दुमका जैसे बड़े शहर में किसी भी प्रकार के कोई बड़ा कारखाना नहीं होने के कारण मजदूर लोग विगत कई सालो से मजदूरी के लिए जिला से पलायन करते हैं। कहा की बिचलियो के द्वारा भोले भाले श्रमिकों को बहला फुसला काम के बहाने उन्हें बाहर ले जाते हैं तथा उनके के साथ मनमानी करते हैं एवं सही ढंग से श्रमिकों का मेहनत मजदूरी भी नहीं देते हैं। बिचौलिया श्रमिकों का डाटा झारखंड सरकार तक श्रमिकों डाटा सार्वजनिक नहीं करते हैं जिसके कारण प्रवासी श्रमिकों को सरकारी लाभ नहीं मिल पाता है। जाकिर अंसारी ने बताया कि कई श्रमिक लेह लद्दाख में सड़क निर्माण के कार्य में अपनी जान की बलिदान दी है। परंतु आज तक उनके परिवार वालों को मुआवजा राशि नहीं मिला है। वहीं उन्होंने यूनियन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे उनके हितों की रक्षा करने और उनके कल्याण के लिए काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

स्वास्थ्य सहिया कर्मचारी संघ ने की बैठक

दुमका । झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया कर्मचारी संघ प्रखंड इकाई काठीकुड की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष मगदालीन बास्की के अध्यक्षता में काठीकुंड डाक बंगला परिसर में बैठक हुई इस बैठक में जिला संरक्षक विजय कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक विजय कुमार दास ने कहा कि स्वास्थ्य सहिय लगातार सरकार के स्वास्थ्य सुविधाएं जन जन तक ग्रामीण क्षेत्र में सही ढंग से संचालित करती है परंतु इनका मानदेय फिक्स नहीं किया गया जो दुख का विषय है मैं राज्य के मुख्यमंत्री से यह मांग करता हूं कि सभी स्वास्थ्य सहिय18000 मानदेय दिया जाए स्वास्थ्य सहिय कोविद-19 के समय जान हथेली पर रखकर प्रवासी मजदूरों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया उसे समय सभी लोग घर के भीतर थे परंतु स्वास्थ्य सहित अपना जवाब होते ही अच्छी तरीके से निभाई है उसे समय का प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है। भारत सरकार का एवं झारखंड सरकार का योजना परिवार नियोजन स्वास्थ्य सहिय इस योजनाओं को भी ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया है एवं लोगों को जोड़ने का भी काम किया उसे समय का प्रोत्साहन राशि विभाग में लंबित है प्रखंड अध्यक्ष मगदालिन बास्की ने कहा कि हम लोग लगातार विभाग का आदेश को पालन करते हैं मैं राज्य के मुख्यमंत्री से यह मांग करती हूं कि हमारे मांगों पर विचार करें बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी 2025 को अपनी मांगों को लेकर धरना कार्यक्रम किया जाएगा इस मौके पर फुलमुनी हेम्ब्रम जवादी मरांडी दामिना सोरेन नमिता देवी पार्वती बेसरा पार्वती मोहली सुष्मिता देवी मेहंदी सोरेन आदि उपस्थित थी।

रेलवे टिकट चेकिंग अभियान : 198 यात्री हिरासत में, 73,000 का जुर्माना वसूला

संवाददाता

मधुपुर । रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को आसनसोल डिविजन के मधुपुर और जसीडीह रेलवे स्टेशनों पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 13331 अप धनबाद-पटना और 13332 डाउन पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में भी गहन जांच की गई।जांच अभियान में 198 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा और रेलवे एक्ट के विभिन्न उल्लंघनों के मामलों में हिरासत में लिया गया। इनसे कुल ?73,000 का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान बिना टिकट यात्रा करने वालों के लिए किसी बड़ी चेतावनी से कम नहीं था, जिससे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। इस अभियान में सीटीआई अमरदीप कुमार, सीआईटी मधुपुर विजय कुल्लू, सीनियर टीई प्रमोद कुमार, टीटीआई श्याम सुंदर पासवान, भुवनेश्वर मांझी, सुष्मिता बोस, रजनीश कुमार, कृपा शंकर, गौरव कुमार श्रीवास्तव और जसिडिह सीआईटी बसंत कुमार सिन्हा समेत रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के अधिकारी एवं जवान शामिल थे। कोर्ट कर्मियों ने भी अभियान में सहयोग दिया। यह जांच अभियान न केवल रेलवे के नियमों को लागू करने का उदाहरण बना, बल्कि यात्रियों को सतर्क रहने का संदेश भी दिया।

भाजपा महिला मोर्चा ने सदस्यता अभियान चलाया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा मधुपुर विधानसभा में एकदिवसीय कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा की जिला अध्यक्ष रूपा केसरी ने बताया कि शिविर लगाकर एवं डोर टू डोर कैंपेन चलाकर हर घर से लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़े जाने का अभियान चल रहा है। जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने बताया कि आम जनमानस के समर्थन से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रवि रवानी, मधुपुर नगर महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सुनीता जायसवाल पूर्व नगर अध्यक्ष मालती सिन्हा,अमर शर्मा, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष? अशोक गौड़,प्रियंका मुखर्जी,सपना विश्वकर्मा तन्नु कुमारी,प्रीति देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

50वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कबड्डी टीम उत्तराखंड रवाना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । 8 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक चलने वाले 50वीं जूनियर राष्ट्रीय कब्बड्डी चैंपियन जो कि उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित होगा।उसके लिए 24 सदस्यीय टीम (बालिका) में लकी कुमारी बोकारो ,नमिता कुमारी धनबाद, रिया कुमारी साहिबगंज, डोली कुमारी कोडरमा, आरती कुमारी साहिबगंज,सीता कुमारी रामगढ़, सृष्टि कुमारी हजारीबाग, खुशबू वर्मा देवघर, अनुष्का कुमारी देवघर ,पल्लवी कुमारी बोकारो,सोनाक्षी हांसदा रांची, दीक्षा सिंह गिरिडीह और (बालक) में अनंजय सिंह गढ़वा, रोहित ओझा जामताड़ा, कुलदीप कुमार,जितेंद्र कुमार,मंटू कुमार,(सभी बोकारो)मनीष कुमार,देवघर बापी हाजरा ,धनबाद रोशन कुमार ईस्ट सिंहभूम,सचिन कुमार गिरिडीह ,शुभम कुमार बिट्टू कुमार गौतम कुमार (कोडरमा)हरिद्वार के लिए रवाना हुई।दस दिनों (27/12/24 से 05/01/25) तक देवघर जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रेक्टिस कैम्प के बाद सोमवार को टीम का चयन कब्बड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े,सचिव धर्मेंद्र देव ,राष्ट्रीय कोच आलोक कुमार ,बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया।टीम चयन के बाद झारखंड कबड्डी टीम उत्तराखंड (हरिद्वार)के लिए उपासना ट्रेन से प्रस्थान कर गई ।प्रस्थान से पहले देवघर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने चयनित खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।शुभकामना देते हुए अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि टीम चैंपियन होकर अगर आती है उनका भव्य स्वागत देवघर कब्बड्डी संघ की तरफ से किया जाएगा।किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए कब्बड्डी संघ और जिला ओलंपिक संघ सदैव लगा हुआ है।खिलाड़ियों ने देवघर में आयोजित दस दिवसीय प्रेक्टिस कैम्प में दी जाने वाली बेहतर सुविधा के लिए अध्यक्ष सुनील खवाड़े का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की अच्छी व्यवस्था (विशेषकर खाने और रहने) की उतम व्यवस्था इससे पहले इतनी अच्छी तरह देवघर में ही मिला.इस तरह के माहौल मिलने से खिलाड़ियों के मनोबल में काफी विकास होता है।

गैर संचारी बीमारी का मुख्य कारण जागरूकता की कमी एवं दैनिक दिनचर्या : डॉ गुडाकेश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । एनपी एनसीडी अंतर्गत दो दिवसीय एनसीडी मॉड्यूल प्रशिक्षण का शुभारंभ आईएमए हॉल, देवघर में डॉ मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, एनसीडी सेल, देवघर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण डॉक्टर गुडाकेश, चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉ विकास, चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रखंडों के साथ शहरी क्षेत्र के सी एचओ एएनएम, एमपीडब्ल्यू एवं अन्य सभी कुल 63 पारा चिकित्सा कर्मी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के क्रम में डॉ गुडाकेश ने बताया कि हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियाँ और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियाँ (एनसीडी) दुनिया में मृत्यु दर का प्रमुख कारण हैं। गैर संचारी बीमारी का मुख्य कारण जागरूकता की कमी एवं दैनिक दिनचर्या है। गैर संचारी रोग मुख्य रूप से तम्बाकू,शराब का हानिकारक उपयोग, अस्वास्थ्यकर आहार,अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि,अधिक वजन/मोटापा, बढ़ा हुआ रक्तचाप,बढ़ा हुआ रक्त शर्करा और बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल शामिल हैं। मौजूदा ज्ञान का उपयोग करके एनसीडी के खतरे को दूर किया जा सकता है। समाधान अत्यधिक लागत प्रभावी हैं। सरकारों के नेतृत्व में देश स्तर पर व्यापक और एकीकृत कार्रवाई, सफलता प्राप्त करने का साधन है।

साथ ही डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता में बताया एनसीडी (गैर-संचारी रोग) विश्वभर में मृत्यु का नंबर एक कारण है, जो सभी मौतों का 74त्न है एनसीडी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचारित नहीं होते हैं। इन पुरानी बीमारियों के लिए लंबे समय तक या आजीवन देखभाल की आवश्यकता होती है, और इनमें कैंसर, हृदय रोग,स्ट्रोक,पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियाँ,मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका संबंधी स्थितियाँ,पुरानी किडनी की बीमारी, और कई अन्य बीमारियाँ शामिल हैं।अनुमान है कि 80त्न गैर-संचारी रोग रोके जा सकते हैं। वे तम्बाकू सेवन,अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता, शराब का हानिकारक उपयोग और वायु प्रदूषण सहित परिवर्तनीय जोखिम कारकों से प्रेरित होते हैं। साथी डॉक्टर मनोज के द्वारा सभी को सीएचओ एवं एएनएम को 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का एनसीडी स्क्रीनिंग करते हुए उसका ट्रीटमेंट एवं फॉलो अप करने का निर्देश दिया एवं उक्त की प्रविष्टि एमसीडी पोर्टल पर भी करने को कहा गया।

मेगा ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान रेलवे ने किये बुनियादी ढांचे में बड़े सुधार

जसीडीह स्टेशन पर पुराने फुट ओवरब्रिज को हटाया गया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। आसनसोल मंडल इंजीनियरिंग विभाग ने 5 जनवरी, 2025 को मेगा ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान आसनसोल-झाझा सेक्शन में व्यापक सुरक्षा और अनुरक्षण कार्यों को सफलतापूर्वक कार्य किया। इस पहल का उद्देश्य यात्री सुरक्षा, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के स्थायित्व में सुधार करना था। एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर जसीडीह स्टेशन पर एक पुराने ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) को तोड़ना था, जिसकी लंबाई 30.8 मीटर और चौड़ाई 2.44 मीटर थी, ताकि नए आधुनिक बुनियादी ढांचे के लिए मार्ग-प्रशस्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त, कासीटाँड़ हॉल्ट और विद्यासागर स्टेशनों के बीच एक सीमित ऊंचाई वाला सबवे (एलएचएस) शुरू किया गया, जो सुरक्षित और निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए एक लेवल क्रॉसिंग की जगह लेगा। यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन पर एक नए ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) के लिए चार गर्डर खड़े (लॉन्च) किए गए, जिससे प्लेटफार्मों के बीच संपर्क (कनेक्टिविटी) में सुधार हुआ। व्यापक ट्रैक अनुरक्षण का कार्य भी पूरा किया गया, जिससे सुरक्षित और सुचारू ट्रेन संचालन सुनिश्चित हुआ। कुल 1,370 मीटर ट्रैक को गिट्टी सफाई (बैलास्ट क्लीनिंग) मशीनों का उपयोग करके गहरी खुदाई (डीप-स्क्रीन) की गयी, जबकि 15.6 किलोमीटर प्लेन ट्रैक और 17 टर्नआउट को स्थिरता और सरेखण बढ़ाने के लिए टैम्प किया गया। महत्वपूर्ण उन्नयन में 1,045 मीटर रेल को बदलना और बेहतर परिचालन दक्षता के लिए आसनसोल स्टेशन पर एक पुराने डायमंड क्रॉसिंग को आधुनिक 60 किलोग्राम संस्करण में बदलना शामिल था। इसके अलावा, ट्रैक की स्थायित्व में सुधार के लिए ग्लू के जरिये जुड़े हुए 22 जॉइंटों को नवीनीकृत किया गया और 37 रेल जॉइंटों को वेल्ड किया गया।चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए विभिन्न एलएचएस साइटों पर 30.4 मीटर की रेल पाइलिंग पूरी की गई और भविष्य की संस्थापनाओं के लिए 49 रेल को लोड और अनलोड किया गया। ये सुरक्षा उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विकास यात्रियों और स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेंगे। यात्रियों को सुगम रेल परिचालन, विलंब के कम जोखिम और बेहतर स्टेशन सुविधाओं का अनुभव होगा। एलएचएस के निर्माण के साथ लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करने से सुरक्षित सड़क यात्रा सुनिश्चित होती है, जबकि आधुनिक ट्रैक और क्रॉसिंग से ट्रेन की गति और विश्वसनीयता बढ़ती है।

हाई स्पीड ट्रक की चपेट में महिला की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । देवीपुर थाना क्षेत्र के एम्स स्थित शंकरपुर मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान बूढ़े निवासी अशोक बर्णवाल की धर्मपत्नी के रूप में हुई है।

महिला अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बूढ़े से देवघर जा रही थी। इसी दौरान गिरिडीह की ओर जा रहे तेज गति वाले ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला ट्रक के पहिये के नीचे आ गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, मोटरसाइकिल चालक और एक अन्य सवार दूसरी ओर गिर गए और बाल-बाल बच गए।

घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

घटना की जानकारी मिलने पर देवीपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की तैयारी करने लगी। लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मृतका अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गई है। परिजनों ने बताया कि वह भतीजे के साथ देवघर जा रही थीं। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है।

वही थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वही मृतका का शव सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव उनके बूढ़े स्थित आवास लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

अवॉर्ड ऑफ एकेडमिक एक्सीलेंस : ऑनरिंग द बेस्ट सम्मान से सम्मानित हुए डॉ विनोद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। संताल परगना कॉलेज दुमका एवं बिलिवर्स ग्रुप पंजाब के संयुक्त तत्वाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग॰ द नेक्सट फ्रंटियर इन रिसर्च इवेंट विषय पर आयोजित एक चार दिवसीय वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन के उपरांत कार्यक्रम के कन्वेनर सह विभागाध्यक्ष सह निदेशक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र मनोविज्ञान विभाग डॉ विनोद कुमार शर्मा को बिलिवर्स ग्रुप के द्वारा डॉ शर्मा को ÷ अवॉर्ड ऑफ एकेडमिक एक्सीलेंस॰ ऑनरिंग द बेस्ट % सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ शर्मा को यह सम्मान उनके सतत एकेडमिक उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र सामाजिक दायित्वों के तहत उल्लेखनीय कार्य करने को लेकर प्रदान किया। यह दूसरा मौका है जब डॉ शर्मा को यह वर्चुअल प्लेटफॉर्म से अवॉर्ड मिला है। प्रतिभा एवं विशिष्ट सम्मान से सम्मानित डॉ शर्मा को हाल ही मैं एजुकेशनल डेवलपमेंट काउंसिल पटना द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में नेशनल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया था । डॉ शर्मा को मिले इस सम्मान के प्रति कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव सहित अन्य शिक्षकों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं स्टूडेंट्स ने खुशी जाहिर करते हुए ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। ध्यातव्य है कि डॉ विनोद कुमार शर्मा यू जी सी के टीचिंग, ट्रेनिंग, लर्निंग व रिसर्च जैसे आवश्यक मानदंडों के अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के लिए पिछले कई वर्षों से विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा अनवरत प्रयास रत है। डॉ शर्मा मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया, मेरठ,उत्तर प्रदेश के नोडल ऑफिसर सहित कई संस्थानों एवं गैर सरकारी संगठनों से जुड़े है।

दुमका में विश्वा इलेक्ट्रोटेक लिमिटेड के डीलर मीट का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। रविवार को दुमका के एक होटल में विश्वा इलेक्ट्रोटेक लिमिटेड के डीलर मीट का आयोजन किया गया।डिस्ट्रीब्यूटर मोदी म्यूजिक दुमका की ओर से आयोजित डीलर मीट में पोलर कंपनी के ब्रांच मैनेजर रवि शर्मा,कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर संजीव संजन कुमार और कंपनी के एकाउंटेंट महानंद प्रसाद सहित कंपनी के कई पदाधिकारी और अच्छी संख्या में डीलर मौजूद रहे।पोलर कंपनी के ब्रांच मैनेजर रवि शर्मा और कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर संजीव संजन कुमार ने कंपनी के पंखे, वॉटर हीटर, मिक्सी, आयरन, इलेक्ट्रिक केटल, होम अप्लायंस, रूम हीटर सहित कंपनी के सभी प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संताल परगना के वितरक मोदी म्यूजिक ने डीलर मीट में पूरे संताल परगना से आए डीलरों का स्वागत किया।मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

देवभूमि मलूटी में सभी पांच मंडल समिति ने मनायी पिकनिक

संवाददाता

रानीश्वर(दुमका) । शिकारीपाड़ा विधानसभा के सभी पांच मंडल समिति के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मंदिरों के गांव मलूटी में बैठक की एवं पिकनिक का आयोजन किया। बैठक में भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक सह पिकनिक में दल के विधायक पद के प्रत्याशी परितोष सोरेन मौजूद थे। मौके पर काठीकुंड मंडल के अध्यक्ष अभिजीत सुमन, शिकारीपाड़ा के तरुण नंदी, सरसडांगाल के सुभाषिश चटर्जी उर्फ सांटु, आसनबनी के अजय कुमार सिंह एवं रानीश्वर के रुद्रनाथ गोराई, कौशिक अधिकारी, गौतम चौधरी, मनोज मंडल, निताई भंडारी, दीपक मंडल, सुमन घोष आदि मौजूद थे।पिकनिक सह बैठक में रानीश्वर मंडल के कई कार्यकर्ताओं ने भाग नहीं लिया। जिसको लेकर यहां चर्चा का बाजार गर्म हैं । इन कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति को लेकर लोग तरह तरह की अटकलें लगा रहे हैं।

रेलवे स्कूल की नई प्रधानाध्यापिका चंदा झा ने ग्रहण किया पदभार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय की नई प्रधानाध्यापिका के रूप में सोमवार को चंदा झा ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीनिवास सिंह से चार्ज लिया। चंदा झा इसके पूर्व जमालपुर रेलवे स्कूल में पदस्थापित थीं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि विद्यालय में पठन-पाठन सहित अन्य व्यवस्था को सुदृढ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य श्रीनिवास सिंह, राम किंकर मांझी, ब्रजेश कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने नई प्रधानाध्यपक का स्वागत किया। मौके पर अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में कैंटीन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ कर्मचारी संघ का विरोध

चितरंजन। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के कर्मचारी संघ, सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन ने जीएम ऑफिस कैंटीन के उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ एक ज्ञापन जारी किया है। यूनियन ने कहा है कि कैंटीन के उत्पादों की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कि भारतीय रेलवे के नियमों का उल्लंघन है। सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन के महासचिव राजीब कुमार गुप्ता ने कहा, हमें यह जानकारी मिली है कि जीएम ऑफिस कैंटीन के उत्पादों की कीमतों में वृद्धि की गई है। यह वृद्धि भारतीय रेलवे के नियमों के विरुद्ध है। हमें उम्मीद है कि पीसीपीओ, सीएलडब्ल्यू इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। यूनियन ने कहा है कि वह इस मामले में पीसीपीओ, सीएलडब्ल्यू से मिलकर आवश्यक कार्रवाई की मांग करेगी। यूनियन ने कहा है कि वह अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इस ज्ञापन पर सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन के महासचिव राजीब कुमार गुप्ता, सचिव अमित घोषाल, उपाध्यक्ष सौमेन दत्ता और अन्य पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह ज्ञापन सीएलडब्ल्यू लेबर यूनियन द्वारा जारी किया गया है, जिसमें कैंटीन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ विरोध किया गया है। यूनियन ने कहा है कि वह इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग करेगी।

गुरु गोविंद सिंह जयंती पर वृक्ष लगाकर नन्हे छात्र ने मनाया अपना जन्म दिवस

जामताड़ा – सोमवार को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर जहां पूरे देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं वही जामताड़ा में उनकी जयंती पर अपने जन्म दिवस को एक नन्हें छात्र ने पर्यावरण के प्रति अपना समर्पण दिखाकर मनाया। जिले के प्रसिद्ध पौध प्रहरी मनोहर राय के द्वारा बच्चों को जन्म दिवस पर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करने का काफी पुराना सिलसिला चलता रहा है। इसी क्रम में सोमवार को समाजसेवी पर्यावण के प्रति समाज को सदा सजग करने वाले मनोहर राय के सहयोग एवं निर्देशन में रानी मन्दाकिनी +2 विद्यालय करौं (देवघर) के प्रवक्ता गंगाधर तिवारी के सुपुत्र पुण्डरीक तिवारी (कान्हा जी) के जन्मदिन के अवसर पर वनस्पति उद्यान में नागचम्पा एवं सिन्दूर के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर महिंद्रा ट्रेक्टर जामतारा के प्रोपराइटर संजय कुमार द्वारा बच्चे को डायरी एवं लेखन सामग्री भेंट स्वरूप दिया गया। गंगाधर तिवारी ने बताया कि पुत्र के जन्म दिवस पर वृक्ष लगाने का यह अनेक सलाह मनोहर राय ने दिया जो काफी ही सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति बच्चों में रुचि जगाने का यह एक अनूठा तरीका है जो बहुत ही कारगर भी है। उन्होंने सभी छात्रों से अपने जन्म दिवस पर वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर मनोहर राय ने बच्चों के बीच गुरु गोविंद सिंह के जीवन दर्शन को बताया। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के वीरता की कहानी बच्चों को सुनाई और उससे बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री सम्मान योजना रांची के कार्यक्रम को लेकर महिलाएं हुई रवाना

संवाददाता नाला (जामताड़ा)--- मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होने के लिए नाला प्रखंड मुख्यालय से ढाई सौ महिलाएं पांच बसों में रवाना हुई। मालूम हो कि प्रखंड विकास पदाधिकारी नाला आकांक्षा कुमारी के निर्देश के आलोक में झारखंड मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के लाभुकों को कार्यक्रम स्थल खोजाटोली आर्मी ट्रेनिंग सेंटर नामकुम रांची बस द्वारा सुरक्षित ले जाने एवं वापस ले आने के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के अलावे लाइजिंनिंगऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की गई।इस दौरान नोडल पदाधिकारी बीपीओ नयन कुमार तथा नोडल पदाधिकारी पेयजल स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे की देखरेख में सोमवार अहले सुबह 5 बजे नाला प्रखंड मुख्यालय से ढाई सौ महिलाएं पांच बसों में रवाना किया गया।बताया जाता है कि इस योजना के तहत 2500 प्रथम किश्त लाभुकों को भुगतान किया जाना है। सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में बीडीओ आकांक्षा कुमारी के निर्देश पर नाला प्रखंड मुख्यालय से पांच बसों को रवाना किया गया। इस अवसर पर मेडिकल टीम के अलावा लाइसेंनिंग ऑफिसर मंगलमय मंडल ,अनुज शाह, मनोज मंडल ,संजय कुमार, गिरीधारी मंडल, बलराम मंडल, बाबूलाल मुर्मू ,शांता दास, सावित्री बास्की,अनीता महतो, शिल्पी गोस्वामी, मेडिकल टीम में अमन कुमार गुप्ता ,आकिब हुसैन ,लियाकत अंसारी,नरेश कुमार ,सैनी कुमारी अनामिका, अमरजीत कुमार, मुन्नी कुमारी आदि प्रतिनियुक्त थे।

डीटीओ ने वाहन निरीक्षक के क्रम में बिना परमिट का हाइवा किया जप्त।

मंडरो,साहिबगंज।जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी ने सोमवार को मिर्जाचौकी चार नंबर मे वाहनों का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान डीटीओ के द्वारा एक हाइवा को सीज कर चार नंबर स्थित पार्किंग एरिया में लगाया गया है।वहीं जानकारी देते हुए डीटीओ मिथिलेश चौधरी ने बताया की वाहन संख्या बीआर43जीए/9703 जिसमें स्टोन चिप्स लोड था।जांच के दौरान चालक से हाइवा गाडी से संबंधित सभी कागजात की मांग की गई थी।लेकिन हाइवा का परमिट नहीं होने के कारण हाइवा को सीज करते हुए चार नंबर स्थित पार्किंग में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।जिस पर जुर्माना किया जाएगा।मौके पर मिर्जाचौकी थाना के एसआई अमेरिका राम सहित कई पुलिस बल मौजूद थे।

ई रिक्शा की बैट्री चोरी

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज सोमवार को जिले के नगर थाना क्षेत्र से टोटो की बैट्री हुई चोरी।मामले में ई रिक्शा मालिक सह चालक राहुल जायसवाल ने नगर थाना पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि वे अपनी ई रिक्शा को घाट रोड पर खड़ीकर थोड़ी देर के लिए बगल में कहीं गए थे,वापस आने पर उनके ई रिक्शा से उनकी बैट्री गायब थी।जिसकी कीमत तकरीबन 30 हजार रुपए होगी।मामले में पुलिस छानबीन में जुट गई है।

कंबाइंड इलेवन-2 ने 61 रनों से जीत दर्ज की सीनियर ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में सोमवार को कंबाइंड इलेवन-2 बनाम यंग स्टार सीसी, राजमहल के बीच मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन-2 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.4 ओवर में 182 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आकाश दूबे ने 51, केशव ने 48, गौरव ने 24, अविनाश ने 12 रनों की पारी खेली। यंग स्टार सीसी राजमहल के गेंदबाज अनिकुल ने 3, आसिफ अली ने 2, हलीम, मानिस, मुशर्रफ ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार सीसी की टीम 18.2 ओवर में 121 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मानिस ने 63, मिंटू शेख ने 20 रनों की पारी खेली। कंबाइंड इलेवन-2 के गेंदबाज केशव कुमार ने 5, आकाश दुबे ने 3 व आदित्य यादव ने 2 विकेट लिए। कंबाइंड इलेवन-2 ने 61 रनों से जीत दर्ज की। कंबाइंड इलेवन-2 के खिलाड़ी केशव कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सुरेश प्रसाद साह ने केशव को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग सुधीर राणा व ओंकार एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि मंगलवार को सीएबी रेड, बरहरवा बनाम माही स्पोर्ट्स ब्ल्यू के बीच मैच खेला जाएगा।

सदर अस्पताल में न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट पीड़ित एक नवजात का जन्म

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में सोमवार को न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट एक नवजात शिशु को भर्ती किया गया। जहां सदर अस्पताल के शिशू रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियो प्रखंड के रहने वाले बेसरा मांझू की पत्नी मंझली मरांडी का बीते चार जनवरी को पीएचसी बांझी में नवजात को जन्म दी। बच्चे की हालत ठीक नही होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सोमवार को सदर अस्पताल भेज दिया जहाँ नवजात का वजन सिर्फ डेढ़ किलोग्राम है। डॉक्टर के अनुसार इस नवजात में मानसिक विकास नही हुआ है। प्रसव से पहले ही समय समय पर अल्ट्रासाउंड जांच कराना चाहिए। ताकि बच्चे के विकास का जानकारी मिल सके। इधर अस्पताल में नवजात को देखने के लिए लोगो की काफी भीड़ उमड़ पड़ी थी। नवजात के ललाट पर ट्यूमर जैसा है। वही खबर लिखे जाने तक नवजात एसएनसीयू में ही है।

एसडीपीओ ने किया केश का अनुसंधान

मंडरो,साहिबगंज।एसडीपीओ किशोर तिर्की के द्वारा सोमवार को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में कई केशों का अनुसंधान किया गया। इस दौरान एसडीपीओ मिर्जाचौकी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के समक्ष लंबित पड़े केश का भी रिव्यू किया।वहीं लंबित पड़े केश का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।मौके पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव,एसआई पवन कुमार यादव व सुबोधन मरांडी मौजूद थे।

जिरवाबाड़ी थाना के नए प्रभारी बने शशि सिंह

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज जिरवाबाड़ी थाना के नए प्रभारी शशि सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी पंकज दूबे से चार्ज लिया। इसके उपरांत एसआई शशि सिंह ने कहा कि इलाके को अपराध मुक्त बनाना और पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने इलाके को अपराध मुक्त बनाने के लिए लोगों से भी सहयोग की अपील की।

स्कूटी सवार पिलर से टकराया,एक की मौत,एक रेफर

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज सोमवार को जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी ग्राम रकसो निवासी नितेश ठाकुर अपने भाई दिनेश ठाकुर के साथ स्कूटी पर सवार होकर बांझी बाजार आ रहे थे।इसी क्रम में ग्राम सबैया के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के एक पिलर से टकरा गई।जिससे दोनों भाई घायल हो गए।ग्राम वासियों ने आनन फानन में दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बोरियो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।जहां मौजूद डॉ पंकज कुमार ने नितेश ठाकुर को मृत घोषित कर दिया, व दिनेश ठाकुर का दाहिना हाथ टूट जाने की बात कहते हुए उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज हेतु साहिबगंज जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ईधर मामले की सूचना मिलते ही बोरियो थाना पुलिस जॉच में जुट गई है।वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

ग्रामीण रोजगार योजना के तहत सुअर पालन प्रशिक्षण का शुभारम्भ

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 10 दिवसीय सूअर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसका उद्घाटन पशुपालन विभाग के डॉक्टर विनोद कुमार,आरसेटी के वरिय प्रशिक्षक राजहंस कुमार एवं प्रशिक्षक उपेंद्र गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के मंडरो,पतना,बोरियों एवं तालझारी के कुल 30 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया।यह कार्यक्रम 14 जनवरी तक जारी रहेगी।प्रशिक्षक राजहंस कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को सुअर पालन के बारे में जानकारी देना तथा उनको स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाना है।मौके पर रंजीत कुमार,आकाश कुमार,सुरेंद्र मुर्मू,तौफीक आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

घर में घुस एक को पीटा, थाने में शिकायत

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज सोमवार को जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शोभनपुर भट्ठा निवासी जयकांत वर्मा(39) के साथ मारपीट हो गई,जिसमें वह घायल हो गया।पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही मामले में घायल जयकांत ने बताया कि सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉक कर घर आने के बाद बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए उन्हें तैयार कर रहा था। तभी उनके पड़ोसी पंकज साह व अन्य ने उनके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर उसे बुरी तरह घायल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही मामले में पुलिस छानबीन कर रही

फरार वारंटी पतई हांसदा गिरफ्तार

बरहेट बरहेट थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में साहेबगंज जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लोगाय मांझी टोला गांव निवासी विकास हांसदा उर्फ पतई हांसदा, पिता केशो हांसदा के ऊपर वारंट निर्गत हुआ था और आरोपी फरार चल रहे थे।वहीं रविवार देर शाम को बरहेट थाना पुलिस ने उसके आवास स्थल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विद्यालय में मनाई गई गुरु गोविंद सिंह जयंती

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी तथा कक्षा नायक ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य श्यामा प्रसाद ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे।उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना 1699 में बैसाखी के दिन किया था। जिसका उद्देश्य सिख धर्म को संगठित और मजबूत करना था।जयंती समारोह पर विचार रखते हुए रामदेव राम ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने अन्याय,अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े।धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का उन्होंने बलिदान किया।विश्व की बलिदानी परंपरा होने के साथ-साथ गुरु गोविंद सिंह एक महान लेखक,मौलिक चिंतक तथा संस्कृत सहित कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे।कक्षा षष्ठ की बहन खुशबू कुमारी,भैया आरुष तिवारी,कक्षा सप्तम के भैया कुणाल कुमार,कक्षा अष्टम की बहन ऋषिका कुमारी एवं कक्षा नवम के भैया शिवांश राज एवं बहन नंदनी कुमारी ने भी जयंती समारोह को संबोधित किया।जयंती समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्चना वर्मा ने किया।शांति मंत्र का पाठ किरण गुप्ता ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य राघव वत्स,अजय कुमार साह,कल्याण भंडारी,सुनील पंडित,निर्मला कुमारी,लिपिका राज सिंह,सारिका कुमारी,स्नेहा भारद्वाज,सोनी कुमारी,दिसिखा कुमारी,टीनू पांडे,क्रिस्टीना मुर्मू,ऐनी मुर्मू एवं विद्यालय के सभी भैया/बहन उपस्थित थे।

यूको बैंक ने मनाया 83वां स्थापना दिवस

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज यूको बैंक शाखा ने अपना 83वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया. सोमवार को शाखा परिसर में सामान्य कार्य दिवस के उपरांत शहर के गवाने व्यक्तियों की उपस्थिति में केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यूको बैंक के मुख्यालय से सेवानिवृत्ति अधिकारी प्रतुलचंद्र तिवारी एवं शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ विजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से के काटा गया। मौके पर शाखा प्रबंधक शुभम कुमार ने बताया की बैंक के साहिबगंज शाखा की स्थापना 6 जनवरी को की गई थी। इसलिए प्रतिवर्ष 6 जनवरी को स्थापना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि बैंक के साहिबगंज शाखा की स्थापना के 83 वर्ष पूरे हो चुके हैं. इस मौके पर यूको बैंक के सेवानिवृत अधिकारी केशव प्रसाद तिवारी श्रीमती छाया रानी के अलावा गणमान्य व्यक्तियों में प्रोफेसर कमल महावर चंदेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ बोदी मोहम्मद कलीमुद्दीन जंग बहादुर ओझा के अलावा बैंक कर्मी प्रतीक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त का क्षेत्र भ्रमण- किसानों के साथ बातचीत और विकास कार्यों का निरीक्षण

जामताड़ा। जामताड़ा जिले की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय ने हाल ही में सदर जामताड़ा, नारायणपुर, नाला और कुंडहित प्रखंड क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ बातचीत की और उनके द्वारा उत्पादित किए जा रहे फसलों का निरीक्षण किया। साथ हिंदी उपायुक्त ने सदर जामताड़ा प्रखंड के चेंगाईडीह पंचायत में सराफत अंसारी के द्वारा राज्य योजना अंतर्गत उद्यान विकास की योजना के माध्यम से स्ट्राबेरी की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने किसान से स्ट्रॉबेरी, मटर आदि के खेती के बारे में जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने नारायणपुर पंचायत के मुस्लिम टोला में कृषक मंसूर अंसारी और इश्तियाक अंसारी के सरसों आदि की खेती का निरीक्षण किया। इसके अलावा उपायुक्त ने नाला प्रखंड में कृषक पाठशाला और कृषि फार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से अवगत हुए और जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने कुंडहित प्रखंड स्थित झारखंड जनजातीय बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों की पढ़ाई, साफ सफाई और अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार, बीटीएम और अन्य संबंधित मौजूद रहे।

चांदशहर के टीम ने 23 रनों से फरक्का को हराया

उधवा। प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत में वाईसीसी टूर्नामेंट की ओर से आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को समापन हो गया। फाइनल मैच चांद शहर बनाम फरक्का टीम के बीच खेला गया। क्रिकेट मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता अब्दुल बारीक शेख, थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, काजु मल्लिक, तमरुद्दीन शेख, अली हसन कमीशन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया गया। राष्ट्रगान के बाद मैच आरंभ हुआ। जानकारी के अनुसार फरक्का की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। वही चांद शहर की टीम ने निर्धारित बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी फरक्का की टीम ने महज 71 रन बनाकर सिमट गई। मुख्य अतिथियों के द्वारा विजेता टीम को दस हजार बड़ा ट्रॉफी व उप विजेता टीम 6 हजार व छोटा ट्रॉफी का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच बिट्टू शेख व मैन ऑफ द सीरीज जिशान शेख को मिला। मौके पर जैनुल आबेदीन शेख,बाबुल शेख,महबूब आलम, मामलोत शेख,अखलाकुर रहमान, फीटू शेख, रॉयल शेख, महफूज शेख आदि थे।

बहादुरगढ़ ने जीता फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

बरहेट– सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सिंगा मैदान में एडीसी क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बहादुरगढ़ बनाम बीएसके कॉलेज बरहरवा के बीच खेला गया।वहीं इस मुकाबला में दोनो टीम के बीच जबरदस्त भिडंत हुआ और दोनो टीम ने एक गोल भी नही कर पाए।वहीं इस मुकाबला का हार जीत पेनाल्टी शूट आउट द्वारा हुआ जिसमे दोनो टीम को पांच किक करके मिला जिसमे दोनो टीम में 4-5 का गोल कर बहादुरगढ़ एक गोल से बढ़त बनाते हुए विजेता प्राप्त किया।वहीं विजेता टीम को एडीसी क्लब के मुख्य अतिथि द्वारा 5 लाख रूपया नकद राशि तथा एक बड़ा कप देकर सम्मानित किया, एवं उप विजेता टीम को 4 लाख रूपया नकद राशि और कप देकर सम्मानित किया।वहीं बहादुर गढ़ के गोल कीपर नायकी मुर्मू को बेस्ट गोल कीपर का अवार्ड साइकिल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मौके पर राजाराम मरांडी, सुनीराम हांसदा, मुजीबुर रहमान, सुनील किस्कू, अरशद अंसारी,समदा सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बीडीओ ने कई पंचायतों का भ्रमण कर समस्याओं से हुए रू-ब-रू

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज/बोरियो बीडीओ नागेश्वर साव ने सोमवार को तेलो, बीरबलकांदर, बोरियो बाजार आदि पंचायतों का भ्रमण कर आवास, पेयजल, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं अन्य जन समस्याओं से रू-ब-रू हुए। बीडीओ ने बताया कि तेलो पंचायत के चम्पा पहाड़ में पेयजल समस्या का अवलोकन किया। वहाँ पानी के निकासी के सोख्ता बनाने की बात कही। तेलो पंचायत के पचाड़ गांव में बंद पड़े जल मीनार को पेयजल व सवच्छता विभाग से दुरुस्त कराने की बात कही। जाएगा। तेलो पंचायत के पचाड़ गांव में जनमन योजना का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बोरियो बाजार के नमस्ते रोड में नाली जाम की समस्या से अवगत हुए। बीडीओ ने जांच के क्रम में नमस्ते रोड के लोगों के द्वारा नाली जाम पाया। अमीन को अतिक्रमण को लेकर नोटिस निर्गत करने की बात कही। बीडीओ ने मदरसा के मुख्य द्वार के सामने गंदा पानी के जल-जमाव का भी अवलोकन किया। मुखिया मीना बासकी को 15 वाँ वित्त की योजना से नाली सफाई का निर्देश दिया। बीडीओ ने बोरियो बाजार पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण किए। इस मौके पर अंचल अमीन राजेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

सिरा़मत्री दो़ मंईया योजना होतेते 56 लाख मायजीउक्कोवाक् बैंक खाता रे 1415 करोड़ टाकाये कोलात्कोआ

खोबोरिया

रांची। सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् पो़नो़त रेन 56,61,791 मायजीउकोवाक् खाता रे 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार टाका दो़ मंईया सममान टाकाये कोलात्कोआ। नोआ रे उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल रेन 500.81 करोड़ टाका, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रेन 230.35 करोड़ टाका, पलामू प्रमंडल रेन 190.01 करोड़ टाका, संथाल परगना प्रमंडलकक रेन 320.87 करोड़ टाका आर कोल्हान प्रमंडल रेन 137.8 करोड़ टाका सेलेत् मेनाक्आ। नामकुम रेन खोजटोली रेन ट्रेनिंग ग्राउंड रे ओरामेन राज्यस्तरीय मंईया सममान का़मीहो़रा रे बटन ओता कातेक् मंईया सममान योजना दो़ पो़रहो़ ञाञामको हो़ड़ाक् खाता रे का़उडी दो़को ट्रांसफर सांवते गे मायजीउ दो़ रा़सका़ ते एनेच्को लागावेना। नोआ ताक रे रा़सका़ तेको ठु बाड़ा केदा। का़मीहो़राये रो़रो़ड़ तुलुच् सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य मेन केदा जे दिसा़म आर पो़नो़त रेन गिरा़बा़सीकोवाक् कल्पना

मायजीउको दो़ बेगो़र धेयान ते बाङ होय दाड़ेयाक्आ। ओकाटाक् इञ गो़टावाकादा, दारायकान सो़मो़य रे दिसा़म रेन एटाक् पो़नो़त रेन

हों नोआको आपनारा। उनी दो़य मेन केदा जे मायजीउको ला़गित् ते योजना दो़ आयमा गे मेनाक्आ मेनखान मायजीउको लाहान्ती बाङ होय आकाना। झारखंड रेन मायजीउको दो़ बाबाजो़ना बाराबारी मेनाक्कोआ। हेमंत सोरेन दो़ मायजीउ धेयानाको तुलुच्ए मेन केदा जे आपेको दो़ चुनाव रे आ़डी मो़जपे का़मी केदा। आपेको दो़ इञ बोगेआस आर मान-मानो़तपे एमा़वादिञा ओना ला़गित् ते आयमा सारहाव। इञ दा़बी लेदा जे पो़नो़त रेन मायजीउको दो़ आकोवाक् हो़क आर अधिकारीञ ञाम आचोकोआ। आकोवाक् कुकमू पुरा़उ ला़गित् ते इञ गो़ड़ो़वाकोआ। आपेको निज रे टेहाडो़क् ते इञ एकराड़ मिना़ञा। नोआ तो़गे रे तेहेञ आ़डी माराङ फायसलायिञ हाताव आकादा।

हेमंत सो़रेन दो़य मेन केदा जे आपे रे घारो़ंज रेयाक् जिमा़बार ताहेंन काना। नित पो़नो़त लाहान्ती ला़गित् ते आपे जो़तो़ हो़ड़ाक् आ़डी माराङ एनेम होयोक्तापेया।

चेकातेञ मेना- नावां साल काना?

- बाबूजी सोरेन ''बिरबाहा''
(धमनी,बरमसिया,गोड्डा)

ढाड़ाङ ढाड़ाङ डी जे आन्दोड़ो़क् काना।
एनेच् एनेच् ते हो़ड़को भिन्दा़ड़ो़क् काना।
बो़छो़र बो़दो़लेना, नावां बो़छो़र हेच् एना।
ओनाते हो़ड़को रा़सका़ सुला़ङ जो़ङ काना।

बेड़हायते कुहड़ा धुंद गे पासनाव आकाना।
धुबी गांस, सिसिर मा़निक ते साजाव आकाना।
खा़रा़ई रे सांवहा बुसुप् सानाम सिसिर आकाना।
उमुल उसुल दारे सानाम तेंगो थिर आकाना।

बुडही बुरसी होबो़र आकात्, बाय बा़गीयाक् काना।
राबाङ ते राचा को़नाच रे, सेताय कुकुच् आकाना।
हो़ड़ाक् हो़ड़मो़ रे नासे रा़सका़ बाङ चापेक् काना।
चेकातेञ मेन केया- नावां साल हेच् आकाना?

आर बार चान्दोगान थोड़ा को़योक् होरमे।
उमिन रे बिर बुरु रे चा़रिया़ को़ंड नो़जो़रमे।
सिरजो़न रा़नीयाक् साज सो़जो़न्तो़र ञेलमे।
ञेल काते आम गे सा़रीयाक् रो़ड़ सो़दो़रमें।

नांवां साकाम सागेनो़क्आ लेगेच्-लेगेच्।
हा़रयाड़ जियाड़ गे ञेलो़क्आ जो़तो़ सेच्।
रा़सका़ ते दारे ना़ड़ी हिलाक्आ केदेच्-केदेच्।
डा़र रे दो़न कुचुड़को चेंड़े, केड़ेच् दो़ड़ेच्।

बिर बुरु नांवां सागेन साकाम ते साजो़क्आ।
सिरजो़न रा़नी नांवां सा़ड़ी तेय आभरानो़क्आ।
बाहा बागान रे नाना बो़रो़न बाहा बाहाक्आ।
बागान रे भान-भान ञेले दुमुरको आचुरो़क्आ।

ओ़न्तो़र तुली खो़न सारसावो़क्आ रा़सका़ रासा।
लुटी चिरित् खो़न सारेड़ो़क्आ नांवां राहा।
तो़बे बुझा़उमे, सा़गुन फा़गुन चान्दो बो़लो़येना।
फा़गुन बो़ङगा गे नांवां चान्दो नांवां बो़छो़र काना।

अदाणी फाउंडेशन दो़ गिदरा़को ताला रेय हा़टिञ केदा स्टडी किट

खोबोरिया

हजारीबाग। गोंदुलपारा खनन परियोजना ता़री रे अदाणी फाउंडेशन दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् स्कूली गिदरा़को ताला रे स्टडी किटे हा़टिञ केदा। नोको गिदरा़ दो प्रखंड रेयाक् हरली रे मेनाक् अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर रेको पाड़हाक् काना। नावां बो़छो़र रे गाली, बलोदर, गोंदुलपारा आर बाबूपारा सांवतेआडे-पासे आतो रेन 75 गो़टेच् गिदरा़को भुरतीयेना। नोको ताला रे गे नोआ स्टडी किट दो़ हा़टिञेना। नोआ स्टडी रे स्कूल बैग, कॉपी, कलम आर एमान तेयाक् जिनिसको सेलेत् मेनाक्आ। अदाणी फाउंडेशन सेच् खो़न ओरामेन नोआ स्किल सेंटर रे डिजिटल साक्षरता मिशन ता़री रे पे चान्दो़ मा़ङनी ते कंप्यूटर इतुन आर डेटा इंट्री ऑपरेटर रेयाक् कोर्स चालावेत् काना, ओना इया़ते आयमा लेखा रे बड़कागांव प्रखंड रेन गिदरा़ पो़रहो़को ञामेत् काना।

डीसी दो़ इसकुल ओड़ाक् ला़गित् जायगाय ञेल ओ़नमान केदा, अधिकारीकोय हुकुमात्कोआ

खोबोरिया

कुंडहित, जामताड़ा। आठवार हिलोक् डीसी कुमुद सहाय आर आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज दो़ कुंडहित प्रखंड रेयाक् आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय आर अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय ओड़ाक् ला़गित् जायगाकिन ञेल ओ़नमान केदा। नोआ ओ़कते डीसी कुमुद सहाय दो़ प्रखंड रेयाक् धेनुकडीह रे मेनाक् अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय छाडा ओड़ाक् ला़गित् इसकुल तायो़म सेच् जायगाकिनओ़नमान केदा। ञेल ओ़कते डीसी दो़ सीओ सीताराम महतो ठेन जायगा हालो़त बाबो़त रेय कुलीयाना।

सीओ सीताराम महतो दो़य ला़ई केदा जेधेनुकडीह मौजा रे मेनाक् इसकुल ओड़ाक् सांव साटाव दाग नंबर 1334रे मित् एकड़ जुमी मेनाक्आ। ओना जुमी ना़पी काते कागजात तेयारेहुकुमादेया। नो़ते इसकुल रे हेडमाहो़सो़य बिनोद खबाड़े ठेन इसकुल रेओड़ाक्, शौचालय, ञुईदाक्, गिदरा़कोवाक् हा़जिरो़क् आर एटाक् बिंदुको रे फायलाव तेय कुलीयाना। ञेल ओ़नमान ओ़कते जुमीरेयाक् जिनिस हालो़त बाबो़त रे डीसी दो़ सीओ ठेन फायलाव तेय कुलीयाना। सांवते गे जुमी दो़ जेसीबी मिसिन लागाव काते मित् सोमानला़गित् हुकुमादेया। नो़ते जुमी रेयाक् कागो़च तेयार काते मित्टेन आईटीडी, ठेन आर मित्टेन आंचल आर मित्टेन दो़ डीसी ञुतुम रे कोल रेयाक्ए हुकुमादेया। नोआ ओ़कते डीसी दो़ ताहेकानखो़बो़रिया़कोय ला़यात्कोआ जे राजकृत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक विद्यालय अपग्रेड इसकुल ओड़ाक् बेनावक्आ।

नोआ ताक रे नोकोछाडा आईटीडी, निदेशक जुगनू मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी लब कुमार, सीओ सीताराम महतो, बीडीओ जमाले रजा, प्रधानाध्यापक बिनोदखबाड़े, अंचल निरीक्षक धनंजय प्रसाद, राजस्व कर्मचारी संदीप हे बरम,अशरफी पूजहर, आमीन मोतिलाल मुर्मू एमानको ताहेंकाना। ला़या़पेया़ञ जे कुंडहित रे आदिम जनजाति विद्यालय बा़ड़िजो़क् रे जिला अधिकारीहोतेते सिंहवाहिनी प्लस टु उच्च विद्यालय रेन बालिका छात्रावास रे पारोमेन 11अगस्त 2022 खोन विद्यालय चालावक् काना। ताक रे आईटीडीए निदेशक छाडा प्रधानाध्यापक बिनोद खबाड़े, राजस्व कर्मचारी संदीपहे बरम आर विद्यालय रेन शिक्षक शिक्षिका एमानको ताहेंकाना।

डा़यन प्रथा आर गिदरा़वाक् आ़धिकार रे विधिक जागरूकता का़मीहो़रा ओराम एना

खूंटी। झालसा रांची रेयाक् हुकुम रे प्रधान जिला आर सत्रन्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमाराक् उदुक् हो़र रे सोमवार हिलोक् नालसा होते चालावक्कान 90 माहांकिया़ आउटरीच अभियान रे जुरदाग पंचायत, सीलादोन पंचायत आर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय कुंदीरे विधिक जागरूकता का़मीहो़रा ओराम एना। नोआ का़मीहो़रालागातार 90 दिन हा़बिच् लागातार चालाक्आ। नोआ अभियान रेगिदरा़वाक् शिक्षा सांव जोड़ा़व अधिकार, डा़यन प्रथा, वृद्धा, विधवा पेंशन बाबो़त तेयाक् मामला रेयाक्को ला़यात्कोआ। डालसा रेनपीएलवी दो़ का़मीहो़रा रे ताहेंकान हो़ड़को जागवारको तुलुच् डा़यन प्रथा बाबो़त तेयाक् जोड़ा़व आ़धिकार आर नोआ ते जा़बुन घारो़ंजरेन बाडाय ओचोको ता़रिका आर जायगा बाबो़त रेको जागवार केत्कोआ। उनी दो़य ला़ई केदा जे डा़यन साबाद मेनकाते जाहांय हो़ड़ सांनतावको दो़ का़नूनन अपराध काना। नोआ जा़बुन घारो़ंज जुदी थाना रेको ला़येत् काना तो़बे उनी हो़ड़ सा़जा़ई आर डाण्डो़म बानार गे होय दाड़ेवाताया। शिक्षा रेयाक् आ़धिकार आर कल्याणकारी योजनाको बाबो़त रे होंको ला़यात्कोआ। नोआ काथा दो़ डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूरए लायाकादा।

रेक्रेच्इच् बोदमासको साप् केदेया आर जेहेलको कोल केदेया

दुमका। रेक्रेच्इच् आरो़प रे जिला रेयाक् मुफस्सिल थाना पुलिस दो़ मित् बोदमास रेक्रेच्इच् साप् कातेको जेहेल आकादेया। साप्एन बोदमास दो़य अनुप यादव उर्फविशाल यादव काना। उनी दो़ रामपुर आतो रेन कानाय। बाडायाकान लेकाते पुलिस नगर थाना टोठ रेयाक् शिवमुंदिर, हिजला रोड रेन आलोक कुमार पालाक् ओ़ल ला़लिस रे मामला दर्ज तुलुच् आरोपित साप् काते जेहेलको कोल केदेया।

गुरूगोबिंद सिंहआक् 358 धावाक् प्रकाश पो़रो़ब रेको ओराम केदा आ़डी मो़ज कीर्तन सभा

पलामू। सिखको रेन दशमगुरू, दशमेश पिता, खालसा पंथ रेन थापनायिच्आर हिन्दू धो़रो़म-संस्कृति रेन रा़खी-जो़गाविच् गुरूगोबिंद सिंहआक् 358 धावाक् प्रकाश पो़रो़ब दो़ ओ़तेमाहां हिलोक्को मानाव केदा। नोआ ओ़पसो़र रे गुरूद्वारा श्रीगुरू सिंह सभा, बेलवाटिका डालटनगंज रे सेताक् सेच् आसो़ल दिवानको साजाव केदा। नोआ रे कीर्तनको दो़ल छाडा कातेक् टोठकिया़ रेन गिदरा़, कोड़ा-कुड़ीकीर्तन वाणी सेरेञ तेको सो़हान केदा। प्रकाश पो़रो़ब इया़ते आसो़ल सेमेलेत् रेयाक्को ओराम आचो केदा। नोआ रे टाटानगर खो़ हेच् आकान ज्ञानी हरमित सिंह आर आयमा जत्था होतेतेको कीर्तन केदा। सोमाज रेन गिदरा़ सेच् खो़न सो़दो़रकेत् कीर्तन सेरेञ दो़ रा़सका़ तेको मो़गो़न एना। सेताक् बेड़ा 11 बजे आसो़ल दिवान दो़को समर्पित ताहेंन रे श्री महावीर नवयुवक दो़ल जेनरल होतेते रजिन्दर सिंह रेन कुड़ी दो़को मान-मानो़त केदेया। दिवान रेयाक् मुचा़त् तायो़म गुरूतेग बहादुर मेमोरियल हॉल रे जो़म ञू दो़ होय एना। नोआखो़न लाहा रे प्रकाश पो़रो़ब इया़ते 30 दिसंबर खो़न आसेन दो़कोएहो़प लेदा। 5 जनवरी हिलोक् नोआ दो़को मुचा़त् एना। आसेन दो़ सेताक् बेलवाटिका गुरूद्वारा साहिब खो़न ओडोक कातेक् जुदा़-जुदा़ टो़ला सेच् लेका ते गुरूद्वारा साहिब रूवा़ड़ हेच् कातेक्को मुचा़त केदा। डालटनगंज रेन सिख सेरेञकोवाक् कीर्तन दो़ल दो़ भा़क्तिवान रा़ड़ान ते सेरेञ दो़ गुरूवाणी लेका तेको जोड़ा़व केदा। ओन्डे सतबीर सिंह राजा, रजिन्दर सिंह बंटी, गुरूवीर सिंह गोलू, बॉबी चावला, हरदीप सिंह काकू, मनप्रीत सिंह बग्गा, संटी सिंह सांवते आयमासेलेत्को ताहेंकाना।

दिसा़म रेयाक् टा़ण्डी टोठाको रे बो़रो़फजा़ड़ीक् काना, यूपी रे रेयाड़ ते 15 हो़ड़ाक् बेण्डाव

नावां दिल्ली। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख आर हिमाचल प्रदेश लेकान बुरू टोठाको रे बो़रो़फजा़ड़ीक् कानते टा़ण्डी टोठाको रे रेयाड़ राबाङ जा़सती आकाना। मौसम विभाग दो़ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी,बिहार, ओड़िशा, हिमाचल प्रदेश, जमू-कश्मीर आर लद्दाख रे कुहड़ारेयाक् अलर्टए जारी आकादा। यूपी रे का़ठना़ रेयाड़ दो़ 24 घंटा रे 15 हो़ड़ाक् जिवीय इदी केदा। कुहड़ा खा़तिर लखनऊ एयरपोर्ट रे20 खो़न जा़सती उडा़न दिरी हेच् एना। कानपुर रेलवे स्टेशन रे 93 रिलगा़डी 11 हा़बिच् दिरी गे चालावेन ते सांगारिया़को मुसकिलो़क् काना। राजस्थान रे हों सोमवार हिलोक् तापमान रे ञुरहा़ हेच्दाड़ेयाक्आ। दिन ञिन्दा़ रेयाक् तापतान 2-3 डिग्री सेल्सियस लातार हेच् दाड़ेयाक्आ। रेयाड़होय रेयाक् असर हों ताहेंना। मध्य प्रदेश रे मंगलवार हिलोक् खो़न ता़पिस रेयाड़ आरहों एहो़बो़क्आ।

मोबाइल रेरेच्किन हो़ड़ दो़को हाजो़त केत्किना, जो़हो़ल तेको कोल केत्किना

रामगढ़। रामगढ़ रेन पुलिस दो़ मोबाईल रेरेच् मामला रे बार हो़ड़को हाजो़त केत्किना। ओनकिन बिरूद रे रामगढ़ थाना रेप्राथमिकीको ओ़ल राकाप् आचो लेदा। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दो़य मेन केदा जे पतरातू मुंडा टोला आतो रेन गिरा़बा़सी राज मुंडाबाहना ञुतुम दो़ धमकू आर 13 बो़छो़र उमा़र रेन मित्टेन कोड़ा सो़ंगे ते मोबाईलकिन रेच्एत्को ताहेंना। उनकिन दो़ बाईक रेदेच् कातेक्किन ओडोगो़क्कान ताहेंना आर हिजुक्-सेनो़क् हो़ड़ दो़ मोबाईल रेच् कातेक्किन दा़ड़ेत्कान ताहेंना। नोआ मामला रे थाना कांड संखया 395, 2024 लेक तेको ओ़ल राकाप् आचो लेदा। पुलिस दो़ ओनकिन रेरेच् रेकिन बेवहारेत्कान ताहेंन मोटरसाइकिल साप् ला़गित् तेको कुरूमुटूयेत् काना।

हिंडालको अनलोडिंग रे का़मीया़ हो़ड़ दो़को धरना प्रदर्शन केदा

खोबोरिया

लोहरदगा। लाहा रे गोटा आकात् का़मीहो़रा लेकाते सोमवार हिलोक्हिंडालको होते चालाक् कान लोहरदगा अनलोडिंग छाटका रे टेराक अनलोडर मजदूर संघ रेयाक् मित् माहांकिया़ धरना प्रदर्शन का़मीहो़रा ओराम एना। नोआ दो़ अनिल उरांवे आ़युर केदा। नोआ का़मीहो़रा रे लोहरदगा लोकसभा रेन सांसद सह कोयला इस्पात आर खनन मंत्रालय लोकसभा रेन स्थायी समिति रा़सया़ सुखदेव भगत आसो़ल पेड़ा रूप रे सेलेत्ए ताहेंकाना। ताक रे का़मीया़को दो़ आकोवाक्मुसकिलाक् सांसद बाडाय ओचोये तुलुच् ओनको न्याय एमावाको आरका़मिया़को रोजगार एमावाको रेयाक्को खो़ज दो़हो़ केदा। ताकरे ताहेंकान का़मिया़कोय गालमारावात्कोआ जे उनी दो़ का़मीया़कोहोतेते ओराम आंदोलन रे ओनको सांवते मेनाया। चेदाक्जे हिंडालको कंपनी दो़ दोहरा चरित्र आपनार तुलुच् का़मिया़को चेतान सासो़नरेयाक्को का़मी आकादा नोआ दो़ बाङ साहावक्आ। सांसद दो़य मेन केदा जे सायके टेराक अनलोडर का़मिया़को पारो़मेन 17 बो़छो़रखो़न नोण्डेको का़मी आ़गूयेत् काना आर हिंडाल्को कंपनी का़मीया़को बिना़ खो़बो़र एमावाको आर रोजगार एमावाको बेगो़र बार चान्दो खो़न अलोडिंग स्टेशंनको बो़ंद आकादा ओना ते हजार केका़मिया़ हो़ड़को प्रभावित आकाना। का़मिया़ हो़ड़को रेंगेच् आकाना आको रेन गिदरा़वाक् फिस बाको एम दाड़ेयाक् काना। सांसददो़य मेन केदा जे देयाम सुंटिया तो़बे चालाक्आ, मेनखान लाच्एमसुंटिया तो़बे दो़ बाङ ञेल साहावक्आ। सांसद दो़ का़मिया़ हो़ड़े भोरसा ओचोकेत्कोआ जे उनी आपेयाक् आंदोलन आर सुख दुख रे आपेको सांवते मेनाया आर हिंडाल्को कंपनी ठेन उनी रोजगारे ञामओचोपेय कुरूमुटूया आर जुदी जा़रूड़ पाड़ा़वेना तो़बे सिरा़मंत्रीआर श्रम मंत्री सांवते होंय गालमारावा। हिंडालको प्रशासनाक् लापरवाहीते नोआ घो़टो़न होयाकाना चेदाक्जे नोआ नितो़क् चालाव ला़गित् प्राइवेट कंपनीको एम आकावात्कोआ। ताक रे सांसद दो़ अनुमंडलपदाधिकारीय हुकुमादेया जे जिला प्रशासन आर हिंडालको कंपनीकोआर्डिनेशन रे पुरा़उ रूप ते कुसीक् तायो़म गे रोपवेय चा़लूयाआर नोआ जानकारीय ला़या़ञा। नोआ ताक रे का़मिया़को दो़को मेन केदा जे हिंडालको कंपनी आले रोजगार बाय एमावाले काना तो़बे दाराय का़मीहो़रा हिंडालको मु यालयले घेरावा आर उनी लाहा तायो़म चक्का हों संवैधानिक प्रक्रिया होतेते का़मिया़कोले जामा। ताक रे आयमाहो़ड़को ताहेंकाना।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते संविदा एमो़क् ला़गित् आईआरपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला़ ई-ठिका़ नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बिवरो़न दो़ लातार रे ओ़लाकानाः **नीलामी रेयाक् हा़टिञः** पार्सल जागा रे (एसएलआर) पट्टा एमावाको। **ई-नीलामी सूचीपत्र सं.:** सी-3-पीएआरसीएएसएन 1601; **नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीकः** 16.01.2025 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। **ट्रेन सं. आर एसएलआर दो़:** नोंका लेका मेनाक्आः (i) 22465 (एमडीपी-एएनवीटी) एफएसएलआर-1. (ii) 12376 (जेएसएमई-टीबीएम) एफएसएलआर-1. (iii) 22306 (जेएसएमई-एसएमवीबी) एफएसएलआर-1. (द्ब1) 17322 जेएसएमई-वीएसजी) एफएसएलआर-1. (1) 22459 (एमडीपी-एनवीटी) एफएसएलआर-1. (vii) 13507 (एएसएन-जीकेपी) आरएसएलआर-1. (viii) 13509 (एएसएन-जीडी) एफएसएलआर-2. (ix) 13507 (एएसएन-जीकेपी) एफएसएलआर-2. (3) 12235 (एमडीपी-एएनवीटी) एफएसएलआर-1. (xi) 12942 (एएसएन-बीवीसी) एफएसएलआर-1. (xi) 11428 (जेएसएमई-पीयूएनई) एफएसएलआर-1. जो़तो़ बोलीदाता चेतान रेयाक- अनुसूची लेका रे चेतान रे ओ़लाकान ई-नीलामी रेयाक् पुरा़उ बिवरो़न आर ओना रे सेलेदो़क् ला़गित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल ला़गित् सोलहा एमावाको काना।

(ASN-292/2024-25)

ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686

भगवान शिव का स्वरूप अद्भूत और अद्वितीय है, वे सिर्फ देना जानते हैं : एचडी देवगोड़ा

कहा-द्वादश ज्योतिर्लिंगों में आठ के दर्शन हुए,भोलेनाथ की कृपा से शेष चार के भी दर्शन होंगे

संवाददाता

जरमुंडी । पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोडा ने सोमवार को प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में नागेश ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री ने बासुकीनाथ मंदिर परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर उन्हें असीम शांति की अनुभूति हुई। उन्होंने यह भी बताया कि भोलेनाथ के प्रति उनकी अगाध आस्था है। कल्याणमय शिव ने अखिल ब्रह्मांड की सुरक्षा के लिए हलाहल विष पी लिया और जीव, जड़ चेतन सबका कल्याण किया। देवाधिदेव ने अपने कंठ में विष धारण कर नीलकंठ बन गए। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि भगवान शिव का स्वरूप अद्भूत और अद्वितीय है। वे सिर्फ देना जानते हैं। सबों के लिए उनका हृदय दया और करूणा से भरा रहता है। पूर्व पीएम ने कहा कि उन्हें भोलेनाथ के बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन की चाहत है। उन्होंने आज देवघर में रावणेश्वर बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन किया और पूजा अर्चना की। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि ईश्वर की कृपा से अभी तक आठ ज्योतिर्लिंगों की यात्रा उन्होंने पूरी कर ली। भोलेनाथ की असीम कृपा से वे शेष चार ज्योतिर्लिंगों के दर्शन भी अवश्य करेंगे। इस अवसर पर बासुकीनाथ के तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन जीने की कामना कर उन्हें आशीष भी दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री को मंदिर प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह,रूद्राक्ष. और शॉल भेंट की गई

-----बताते चलें कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवगोडा के पूजा अर्चना को लेकर बासुकीनाथ में अपराह्न 2ः30 बजे का समय निर्धारित था। किन्तु वे यहां करीब 4ः 45 पर बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे। श्री देवगोडा के कार्यक्रम को लेकर दिन के करीब 2ः30 बजे से ही बासुकीनाथ मंदिर में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। हंलाकि विशिष्ट अतिथियों के पूजा अर्चना को लेकर बासुकीनाथ मंदिर में अन्य अवसरों की तरह साधारण भक्तों की पूजा अर्चना पर सोमवार को पूरी तरह पाबंदी नहीं थी। पूर्व प्रधानमंत्री के मंदिर में पहुंचने से कुछ देर पूर्व सुरक्षा कारणों से मंदिर को खाली करा लिया गया और श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण ह्वील चेयर पर बैठकर मंदिर परिसर पहुंचे। बासुकीनाथ मंदिर पहुंचने पर उन्हें 11 सदस्यी तीर्थ पुरोहितों द्वारा पंडित राजेश झा सारंग के नेतृत्व में स्वस्तिवाचन पूर्वक संकल्प कराकर नागेश ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना कराई। बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना के बाद श्री देवगोडा ने बाबा बासुकीनाथ की आरती भी की। इस अवसर पर पूर्व पीएम को मंदिर प्रशासन द्वारा बाबा बासुकीनाथ का स्मृति चिन्ह,रूद्राक्ष माला और शॉल भेंट किया गया।इस अवसर पर डीडीसी अभिजीत सिन्हा, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, एसी राजीव झा, आइटीडीए निदेशक, जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप, मंदिर प्रभारी सह बीडीओ कुंदन भगत, नपं प्रशासक अजमल हुसैन, पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल, पूर्व सांसद व मंदिर न्यास पर्षद सदस्य अभयकांत प्रसाद, तेजनारायण पत्रलेख, मंदिर न्यास पर्षद सदस्य कुंदन पत्रलेख, कुंदन झा, पंडित राजेश झा सारंग, पंडित पिनाक पांडेय गोपी, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

कलवार महासभा ने किया कम्बल वितरण

दुमका । कलवार महासभा दुमका के जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल की अध्यक्षता में रविवार को जरूरतमंदों असहाय और दिव्यांग लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर महासभा के सचिव संतोष चौधरी ने कहा कि जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर कंबल मुहैया कराया जा रहा हैं और आगे भी जारी रहेगा क्योंकि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है इस अवसर पर फिलहाल लगभग 75 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया है और यह अभियान केवल आज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर भी कंबल वितरित किए जाएंगे जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने बताया की कलवार समाज के कई सदस्यों ने इस कार्यक्रम हेतु सभा को सहयोग किया हैं ऐसे सभी सदस्यों को धन्यवाद करते है और जिससे विगत चार साल से लगातार कम्बल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होता जा रहा हैं इस मौके पर कलवार महासभा के सक्रिय सदस्य सतीश जायसवाल उत्तम चौधरी उदित चौधरी राधेश्याम वर्मा के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

भारत सेवाश्रम संघ आज मनाएगा सोहराय पर्व

रानीश्वर दुमका । भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के पाथरा स्थित स्टेडियम में कल मंगलवार बार आदिवासियों के परंपरा के अनुसार गोट पूजा के माध्यम से सोहराय पर्व मनाया जाएगा ।प्रणवा नंद विद्या मंदिर के छात्र - छात्राओं ने यहां संथाली नृत्य गीत आयोजन करेगा । सोमवार यहां स्टेडियम में पूजा के लिये देवी स्थापित किया गया है।आश्रम के कर्मी चंदन बेसरा के अगुआई में यहां साफसफाई कराया गया है ।साथ ही पूजा स्थल को गोबर से लीपा गया है । स्वामी नित्यब्रता नंद महाराज के अगुवाई में वर्ष 2004 से यहां सोहराय आयोजित होती है। नायके दत्ता हांसदा एवं कूडूम नायके सुखराम मुर्मू पूजा पाठ करेगा ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संप्रेक्षण गृह हिजला का किया निरीक्षण

संवाददाता

दुमका। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुमका संजय कुमार चंद्रयावी ने सोमवार को संप्रेक्षण गृह हिजला दुमका का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गृह की विधि व्यवस्था, कार्यालय, किशोरों के पुस्तकालय, आवासन कक्ष,व्यावसायिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय, क्रीड़ा स्थल, पीने योग्य शुद्ध पेय जल, बिजली आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी -सह- अधीक्षक संप्रेक्षण गृह अंजू कुमारी को निर्देश दिया कि माननीय झालसा के द्वारा उपलब्ध कराए गए मानक संचालन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका की नियम का अक्षरशःअनुपालन कराया जाए। साथ ही वीसी सिस्टम को संबंधित

विभाग (झारनेट) से संपर्क कर अविलंब क्रियाशील कराया जाए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गृह के किशोरों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर समस्याओं को जाना एवं केक काटकर जन्मदिवस मनाकर, कॉपी, कलम, बिस्किट चॉकलेटें उपहार स्वरूप भेंट कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने कीचन गार्डन, शौचालय,भोजन तथा साफ सफाई की प्रशंसा की एवं पर्यावरण की शुद्धता को लेकर गृह परिसर में फलदार वृक्षारोपण कर परिसर की साफ सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्रा, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड मो0 जावेद खान, सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद, किरण तिवारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी अनिल मोहन ठाकुर, सहायक किशोर न्याय बोर्ड फणिंद्र किशोर, संप्रेक्षण गृह के गृहपति अब्दुल गफ्फार, प्रोबेशन ऑफिसर दिव्यांशु शेखर, शिक्षक अरविन्द कुमार एवं सुमित कुमार, पारा चिकित्साकर्मी संदीप कुमार, परामर्शदाता सुबोध कुमार सुमन भंडारपाल मोहिनी हेंब्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन से मो0 इब्नुल हसन, निक्कू कुमार साह एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।

ई-कॉमर्स एजेंसी इंस्टाकार्ट के कार्यालय से 2 लाख 38 हजार की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। नगर थाना क्षेत्र के दुधानी स्थित महिंद्रा शोरूम के सामने ई-कॉमर्स एजेंसी इंस्टाकार्ट कार्यालय का रविवार के देर रात को अज्ञात चोरों ने 2 लाख 38 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दीवार में लगे लॉकर को काटकर घटना को अंजाम दिया है। सोमवार को कार्यालय खुलने पर चोरी का पता चला । सूचना के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की चोरी में तीनों लोगों की संलिप्ता की बात बताई जा रही है। पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जिसके आधार पर चोरों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है । नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने



घटना को लेकर कहा कि अनुजा के बयान पर तीन अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस का दावा है कि इस मामले का जल्द खुलासा की जाएगी।

फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की दुर्व्यवस्था लेकर सिविल सोसाइटी देगा धरना

दुमका। परिसदन दुमका में सिविल सोसाइटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एक आवश्यक बैठक की। जिसमें दुमका के ज्वलंत समस्याओं के साथ-साथ सांगठनिक रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही कई प्रस्ताव लिए गए जिसमे आगामी 13 जनवरी को सिविल सोसायटी,दुमका के बैनर तले एकदिवसीय धरना अस्पताल परिसर में अस्पताल की दुर्व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा,जिसमें मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन अधीक्षक के माध्यम से देने का निर्णय लिया गया। पुस माह की समाप्ति के बाद सदस्यता अभियान की शुरुआत महात्मा गांधी जी के प्रतिमा स्थल से की जाएगी। 26 जनवरी को प्रातः 8ः00 बजे संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। बैठक की समाप्ति बीते 4 जनवरी को दुमका जिला के लिए काला दिन साबित हुआ। जिसमें हमारे शहर के एक ही परिवार के तीन और एक ऑटो ड्राइवर सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन और परिवार के लोग घायल हो गए, सभी मृत आत्माओं की चीर शांति और परिवार जन को इस महासंकट से उबरने की। शक्ति प्रदान के लिए मौन रखकर ईश्वर से 2 मिनट के लिए प्रार्थना किया गया। आज के बैठक में वरीय उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, डॉ0अमरेंद्र यादव,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कोषाध्यक्ष सूरज केसरी, अखिलेश झा, लक्ष्मी नारायण साह,लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह,निवर्तमान वार्ड पार्षद अरबी खातून,रामाकांत साह,डॉ0शंभू कुमार सिंह,डॉ0विनय कुमार सिन्हा, डॉ0 सिकंदर कुमार,मोहम्मद अफजल,मोहम्मद मंजूर आलम, प्रमोद जायसवाल सुमंगल ओझा, सच्चिदानंद संतोषी ,मनोज भालोटीया ,जतिन कुमार ,सचिन नन्दी, विक्रम कुमार आदि उपस्थित हुए और आपने -अपने विचार रखें।

दुमका के तीन महिला खिलाड़ी का सीनियर नेशनल बीच हैंडबॉल चैंपियनशिप में चयन

संताल एक्सप्रेस संवादादता

दुमका । सीनियर नेशनल बीच हैंडबॉल चैंपियनशिप जो की असम गुवाहाटी में 10 जनवरी से 13 जनवरी 2025 को खेला जाएगा वहां दुमका के तीन महिला प्लेयर का सिलेक्शन हुआ यह तीनों महिला प्लेयर संत जेवियर कॉलेज दुमका महारो की छात्रा है नेशनल चैंपियनशिप में सिलेक्शन हो जाने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर वर्गीस पल्ली ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और साथ ही साथ बच्चों के मनोबल को बढ़ाया और अच्छे भविष्य की कामना की साथ में कॉमर्स डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष फादर जिसु राज इंग्लिश डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष मिस मालविका ने बच्चों को अच्छे भविष्य की कामना की साथ ही प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बधाई दिया कोच फरीद खान ने बताया की खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रह रहा है और यह बच्चे नियमित रूप से प्रत्येक दिन अभ्यास में आते हैं जिससे इनका गेम स्किल काफी

बेहतर हो गया है इस वजह से इनका चयन बीच हैंडबॉल चैंपियनशिप में हुआ है और यह बच्चे आगे चलकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय लेवल में अपना दुमका जिला राज्य का नाम रोशन करेंगे दुमका जिला हैंडबॉल के अध्यक्ष प्रदीसो मुखर्जी ने बच्चों को बधाई दिया और कहा कि जल्द ही बच्चों के लिए एक अच्छा अभ्यास केंद्र खोला जाएगा जिसमें बच्चे आकर नियमित रूप से प्रत्येक दिन अभ्यास करेंगे सिदो कानू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व सपोर्ट डायरेक्ट शम्स तबरेज खान ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दिया और बच्चे अच्छा कर रहे हैं इसके लिए उनके कोच फरीद खान को भी बधाई दिया।

हमारा हक देने में प्रशासन गंभीर नहीं है तो आंदोलन जारी रहेगा : नेतलाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका एवं अंतर्गत सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में 26 नवंबर से प्रारंभ हड़ताल एवं तालाबंदी के 42 दिन हो गए किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों के एक मांग को पूरी करने में नाकाम रही है। प्रशासन द्वारा लगातार ऐसा जाहिर करने का प्रयास किया जा रहा है कि हम कर्मचारियों की कोई आवश्यकता नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन के ऐसी असंवेदनशील मानसिकता से कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। प्रक्षेत्रीय महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ऐसा सोचती है कि हम कर्मचारियों की कोई आवश्यकता नहीं है तो इस विश्वविद्यालय को ऐसे प्रशासक की कोई आवश्यकता नहीं है। यह हमारा विश्वविद्यालय है और अगर हमें नजरंदाज कर हमारा हक देने में प्रशासन गंभीर नहीं है तो हमारा आंदोलन लगातार जारी रहेगा। श्री

मिर्धा ने कहा कि आने वाले 10 जनवरी को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस का आयोजन हम कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा और सभी महाविद्यालयों से कर्मचारी आयेंगे और इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कहा कि एक ओर विश्वविद्यालय आंतरिक स्रोत से हमें सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान नहीं कर रही दूसरी और उच्च शिक्षा निदेशालय हमारे वेतन का निर्धारण नहीं कर रही। आश्चर्य है कि पिछले 42 दिनों से जारी इस हड़ताल पर ना तो राज्य सरकार और न तो विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर है। विश्वविद्यालय प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक सातवां वेतन ले रहे है और हम कर्मचारियों से उम्मीद करते हैं कि 19 वर्ष पुराने वेतनमान में वेतन प्राप्त करें । ÷विश्वविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार के अमानवीयता और असंवेदनशीलता अपनी पराकाष्ठा पर है।

पेंशनर समाज की बैठक में सांगठनिक मजबूती व सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा

जरमुंडी । जरमुंडी ऊपर बाजार स्थित यात्री शेड में सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष सोनालाल हेम्ब्रम की अध्यक्षता में पेंशनर समाज की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। इस क्रम में पेंशनरों ने सांगठनिक मजबूती व सदस्यता अभियान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के विभिन्न बैंक में पेंशनरों को काफी दिक्कत होती है, उनके लिए अलग से बैंक काउंटर लगवाने की मांग को लेकर पेंशनर समाज बैंक के शाखा प्रबंधक से मिलेंगे। पेंशनर समाज के सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए सेवानिवृत कर्मियों से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पेंशनर अरूण पत्रलेख, सुमेश्वर मंडल, दामोदर मंडल, मिलन पत्रलेख, दशरथ मंडल, उर्मिला देवी, योगेंद्र कापरी, धनेश्वरी देवी, बाबूधन हांसदा, दिलीप कुमार गण, सोमा हेम्ब्रम, अनंत प्रसाद झा, राजेंद्र पत्रलेख आदि मौजूद थे।

नेहरू युवा केंद्र ने सामूहिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । भारत सरकार खेल मंत्रालय की संस्था नेहरू युवा केंद्र संगठन दुमका के जिला अधिकारी कुश कुमार निर्देश पर स्वामी विवेकानंद युवा क्लब के अध्यक्ष अमन राज की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड स्तरीय सामूहिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम दुमका में किया गया । जिसमें अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी कुश कुमार सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार , डॉ कमल शिवाकांत हरि विद्यार्थी परिषद के दुमका विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे युवा समाजसेवी गुंजन मरांडी लखीराम मंडल राहुल नंदी कबड्डी टेक्निकल ऑफिशल शमशेर विकाश कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित.कार्यक्रम का उद्घाटन किया जिसमें फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेशनल स्कूल दुमका द्वितीय स्थान बिरसा मुंडा फुटबॉल टीम पुलिस लाइन तृतीय स्थान मिलन पहाड़ी फुटबॉल टीम प्राप्त किया 400 मीटर लड़कों की दौड़ में प्रथम स्थान- प्रणव पाठक द्वितीय स्थान सूरज भंडारी और तृतीय स्थान आनंद सोरेन प्राप्त किया। वहीं लड़कों के लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान पीयूपील टुडू द्वितीय स्थान बाबूजन हेंब्रम और तृतीय प्राप्त उमेश सोरेन किया वहीं लड़कियों की कबड्डी खेल में प्रथम स्थान दुमका गर्ल्स द्वितीय स्थान सिदो कान्हु हाय स्कूल किया है । लड़कियों 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान खुशी कुमारी द्वितीय स्थान हरि प्रिया कुमार और तृतीय स्थान अनुराधा कुमारी प्राप्त किया है। वही रस्सी कूदने में प्रथम स्थान वैष्णवी राज द्वितीय स्थान निशिका सिंह और तृतीय स्थान कृतिका कुमारी प्राप्त किया है। जीते हुए सभी प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। वही मौके पर युवा क्लब के अध्यक्ष अमन राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र खेलकूद एवं व्यक्ति का व्यक्तित्व निर्माण को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से राष्ट्र लेवल तक की खेलों पर अपनी भूमिका निभाते आ रही है । नेहरू युवा केंद्र से जुड़कर युवा खेल के माध्यम से अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रखंड स्तरीय खेल के बाद जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता किया जाएगा जिसमें प्रखंड स्तरीय से जीते हुए प्रतिभागी भाग लेंगे और वह जिला से जीत कर वह स्टेट खेलकूद प्रतियोगिता में में भाग लेंगे। वही युवा अधिकारी कुश कुमार ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र का यह कार्यक्रम पूरे देश भर में चल रहा है इस निमित्त दुमका जिला के सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम किया जा रहा है दुमका प्रखंड का यह कार्यक्रम में जीते हुए सभी प्रतिभागियों को जिला स्तरीय में खेलने का मौका मिलेगा। डॉ संजीव कुमार जीते हुए सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हर और जीत की होती है जीते हुए प्रतिभागियों को बहुत शुभकामनाएं हैं और इस खेल में जो प्रतिभागी हारे हैं वह अगले दिन के लिए लगातार तैयारी जारी रखें क्योंकि कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है वहीं युवा समाज सभी गुंजन मरांडी ने कहा गांव के खिलाड़ी आज इंटरनेशनल गेम में अपना अलग पहचान बना रहा है खेल का माध्यम से आप अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं और नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा युवाओं को आगे बढ़ने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिल रहा है। इस कार्यक्रम में सिद्धू कान्हु हाई स्कूल दुमका जिला स्कूल छात्रावास नेशनल स्कूल के छात्र छात्राएं शहरी और ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ो युवा युवतियों ने भाग लिया।

दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण को लेकर लगा शिविर

दुमका । एडीआइपी योजना के तहत एलिम्को भुवनेश्वर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दुमका जिले में प्रखंडवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को इसकी शुरूआत दुमका सदर प्रखंड से की गयी। सदर प्रखंड परिसर में आयोजित इस कैम्प में निःशुल्क सहायक उपकरण पाने के लिए दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों की भीड़ उमड़ी थी। खुद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजु कुमारी, सदर अंचल के अंचल पदाधिकारी अमर कुमार व समाज कल्याण विभाग के सुधाकर केशरी आदि मौजूद रहे। मौके पर एलिम्को के एक्सपर्ट ने बुजुर्ग व दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरण की आवश्यकता का आकलन किया। माप प्राप्त की, ताकि अगले शिविर में उन्हें उनके लिए तैयार सहायक उपकरण का वितरण किया जा सके। जरूरतमंदों को सहायक उपकरण के तौर पर ब्लाइंड स्टीक, वैसाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल आदि उपलब्ध कराये जायेंगे।